वर्ष 24, अंक 216, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 14 फरवरी 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'पुरानी इमारतें गुलामी की प्रतीक थीं'-पीएम

## गुलामी के प्रतीक मिटाकर बना रहे स्वतंत्र भारत की पहचान

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 'सेवा तीर्थ' और कर्तव्य भवन 1 और 2 का उद्घाटन किया है. सेवा तीर्थ में ढटड, नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सेक्रेटेरिएट और कैबिनेट सेक्रेटेरिएट हैं. इस दौरान ढट मोदी ने कहा कि हम इतिहास बनते देख रहे हैं. साउथ ब्लॉक ब्रिटिश राज का प्रतीक था. गुलामी के प्रतीकों को ढहाया जा रहा था. राजपथ आज कर्तव्य पथ के नाम से जाना जाता है. मुगल गार्डन को अमृत उद्यान और पुराने संसद भवन का नाम बदलकर संविधान भवन कर दिया.

मोदी ने पुराने PMO पर कही बड़ी बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक गुलामी का प्रतीक था. आज हम सब एक नया इतिहास बनते हुए देख रहे हैं. 13 फरवरी का यह दिन भारत की विकास यात्रा में एक नई शुरूआत का गवाह बन रहा है. आज हम सब 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन में प्रवेश कर रहे हैं. हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का ईश्वरीय आशीर्वाद प्राप्त है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आजादी के बाद साउथ ब्लॉक, नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतों से देश के लिए अनेक निर्णय लिए गए और नीतियां बनीं. लेकिन यह भी सच है कि ये इमारतें ब्रिटिश साम्राज्य के प्रतीक के तौर पर बनाई गई थी. इन इमारतों को बनाने का मकसद भारत को गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखना था.'

**हम सभी एक नए इतिहास को बनते देख रहेः मोदी**

मोदी ने कहा, 'आज हम सभी एक नए इतिहास को बनते देख रहे हैं. आज विक्रम संवत 2082, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, विजया एकादशी का महत्वपूर्ण शुभ दिन है. 13 फरवरी का यह दिन भारत की विकास यात्रा में एक नए आरंभ का साक्षी बन रहा है. हमारे शास्त्रों में विजया एकादशी का बहुत महत्व रहा है, इस दिन जिस संकल्प के साथ बढ़ते हैं उसमें विजय जरूर प्राप्त होती है. आज हम सभी भी सेवा तीर्थ में विकसित भारत के लक्ष्य के साथ प्रवेश कर रहे हैं. आज जब भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है, आज जब नए नए ट्रेड एग्रीमेंट्स संभावनाओं के नए दरवाजे खोल रहे हैं. जब देश सेचुरेशन के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तो सेवा तीर्थ और नए भवनों में देश के लक्ष्य को प्राप्त करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा.'

**नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में बनेगा म्यूजियम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'इस बदलाव के बीच निश्चित तौर पर पुराने भवन में बिताए गए वर्षों की यादें हमारे साथ रहेंगी. अलग-अलग समय पर वहां से कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए, वहां से देश को नई दिशा मिली है. वह परिसर, वह इमारत भारत के इतिहास का अमर हिस्सा है इसलिए हमने उस भवन को देश के लिए समर्पित म्यूजियम बनाने का फैसला किया है.'

**सेवा तीर्थ का पहले नाम एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव था**

सेवा तीर्थ का मतलब है ह्यसेवा का स्थानह्व. पहले इसका नाम ह्यएग्जीक्यूटिव एन्क्लेवह्व रखा गया था, लेकिन 2 दिसंबर 2025 में इसका नाम बदलकर सेवा तीर्थ रखा गया. यह नई दिल्ली में दारा शिकोह रोड पर एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव में स्थित है. वहीं, कर्तव्य भवन-1 और 2 में वित्त मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, विधि एवं न्याय मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय सहित कई प्रमुख मंत्रालयों को जगह दी गई है।

## पीएम ने 'नागरिकदेवो भव' की भावना से प्रेरित होकर 'सेवा तीर्थ' राष्ट्र को समर्पित किया

**प्रधानमंत्री श्री** नरेन्द्र मोदी ने आज भारत की जनता की सेवा करने के अपने अटूट संकल्प को दोहराते हुए और 'नागरिकदेवो भव' की पावन भावना को इसकी मार्गदर्शक शक्ति के रूप में रेखांकित करते हुए, 'सेवा तीर्थ' राष्ट्र को समर्पित किया।



श्री मोदी ने कही कि सेवा तीर्थ का समर्पण जनसेवा और नागरिकों के कल्याण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'सेवा तीर्थ' कर्तव्य, करुणा और 'इंडिया फर्स्ट' (भारत प्रथम) के सिद्धांत के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के एक उज्ज्वल और शक्तिशाली प्रतीक के रूप में विद्यमान है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह आने वाली पीढ़ियों को निस्वार्थ सेवा और सभी के कल्याण के प्रति अथक समर्पण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगा और हर नागरिक की भलाई के लिए समर्पण भाव से आगे बढ़ने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करना जारी रखेगा।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कियाः "भारत की जनता की सेवा करने के अटूट संकल्प के साथ और नागरिकदेवो भव की पावन भावना से प्रेरित होकर, सेवा तीर्थ राष्ट्र को समर्पित करने का सौभाग्य मिला। मेरी कामना है कि सेवा तीर्थ सदैव कर्तव्य, करुणा और 'इंडिया फर्स्ट' (भारत प्रथम) के सिद्धांत के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के एक उज्ज्वल प्रतीक के रूप में अडिग रहे। यह आने वाली पीढ़ियों को निस्वार्थ सेवा और सर्व-कल्याण के प्रति अथक समर्पण के मार्ग पर चलने के लिए निरंतर प्रेरित करता रहे।"

## उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन का बदलेगा नाम

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन का नाम बदला जाएगा. केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार (13 फरवरी) को इसका ऐलान किया. उन्होंने कहा कि इसका नाम बदलकर सेवा तीर्थ भवन मेट्रो स्टेशन रखा जाएगा. नए प्रधानमंत्री कार्यालय के उद्घाटन के दौरान खट्टर ने ये ऐलान किया. उन्होंने कहा कि आज एक पावन पुनीत और पवित्र अवसर है, ये परिवर्तन का अवसर है. हम सभी इस पल के साक्षी बन रहे ,हैं जो सालों में नहीं सदियों में कभी-कभी आता है. हम सबका का सौभाग्य है कि हमें इस



दिन का साक्षी बनने का मौका मिला है.

140 करोड़ लोगों को बधाई- खट्टर

खट्टर ने कहा, "मैं 140 करोड़ लोगों को इस अवसर की बधाई देता हूं. ये ना केवल एक सरकारी कार्यालय है, ना ही केवल एक नई सुंदर इमारत है, ये स्थान आपके नेतृत्व में भारत की नई सोच, नई ऊर्जा नए विचार, नए विजन और हमारी भारतीय संस्कृति और संस्कारों का नया प्रतीक है।

## तारिक रहमान की प्रचंड जीत पर पीएम मोदी ने मिलाया फोन

### मिलकर मजबूत करेंगे संबंध

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज, 13 फरवरी को फोन पर बीएनपी प्रमुख तारिक रहमान को बधाई दी। उन्होंने एक पोस्ट में दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि बांग्लादेश संसदीय चुनावों में बीएनपी को निर्णायक जीत दिलाने पर मैं तारिक रहमान को हार्दिक बधाई देता हूं। यह जीत बांग्लादेश की जनता के आपके नेतृत्व पर विश्वास को दशार्ती है। भारत लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध



रहेगा। मैं आपके साथ मिलकर अपने बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने और साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूं। बीएनपी ने 13वें संसदीय चुनाव में शानदार जीत दर्ज की है।

नवीनतम रुझानों के अनुसार, बीएनपी ने 213 सीटें जीती हैं, जबकि जमात और उसके सहयोगियों ने 71 सीटें हासिल की हैं। इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश ने एक सीट जीती है, अन्य दलों ने 6 सीटें जीती हैं। चुनाव में मुख्य रूप से बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी और उसके पूर्व सहयोगी जमात-ए-इस्लामी के बीच मुकाबला देखने को मिला। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग ने चुनाव में भाग नहीं लिया, क्योंकि पार्टी भंग हो चुकी है। बांग्लादेश में हुए चुनावों में 299 निर्वाचन क्षेत्रों में 127 मिलियन योग्य मतदाताओं ने मतदान किया।

## भारत नहीं, 2026 टी20 वर्ल्ड कप की इस टीम के सबसे बड़े फैन सचिन तेंदुलकर, दे दिया बहुत बड़ा बयान



**नई दिल्ली: 2026** टी20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रनों से हराकर सनसनी मचाई है. 2007 वर्ल्ड कप के 19 साल बाद जिम्बाब्वे ने एक बार फिर टी20 वर्ल्ड कप में कंगारुओं को रौंदा है. भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने जिम्बाब्वे की इस ऐतिहासिक जीत पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने ब्लेसिंग मुजरबानी की जमकर तारीफ की, जिन्होंने मैच में कुल 4 विकेट लिए.

इस मुकाबले में जिम्बाब्वे की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 169 रनों का स्कोर बनाया था. इसके जवाब में पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 146 रनों पर सिमट गई और 23 रनों से मैच हार गई. जिम्बाब्वे के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने घातक स्पेल फेंकते हुए 4 विकेट लिए.

सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया के माध्यम से खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिम्बाब्वे ने जीत से एक उदाहरण स्थापित कर दिया है।

## 'पद पर बने रहने का कोई हक नहीं'- पवन खेड़ा



**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने जेफरी एपस्टीन के साथ कथित संबंधों पर सवाल उठाते हुए पुरी को पद पर बने रहने के अयोग्य बताया। एएनआई से बात करते हुए खेड़ा ने कहा कि स्पष्ट रूप से, कांग्रेस पार्टी हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग कर रही है। इस व्यक्ति को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। पिछले 48 घंटों में उन्होंने सिर्फ झूठ बोला है। हम इस मुद्दे को देश की जनता के सामने उठाएंगे कि यह सरकार भ्रष्ट है, और वह भी जेफरी एपस्टीन जैसे व्यक्ति के साथ।

पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने पुरी के हालिया साक्षात्कारों की आलोचना की। खेड़ा ने कहा कि वे कहते हैं, 'अगर कुछ हुआ होता, तो मैं आपको बता देता।' जरा सोचिए, उनकी मानसिकता देखिए। 'अगर कुछ हुआ होता, तो मैं आपको बता देता।' मैं इससे स्तब्ध रह गया। तथाकथित एपस्टीन फाइल्स से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए खेड़ा ने दावा किया कि इस मामले के चलते सात देशों के नेताओं ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दुख की बात है कि नरेंद्र मोदी और हरदीप सिंह पुरी भी इसमें शामिल हैं।

पुरी के बयानों को गुमराह करने वाला बताते हुए खेड़ा ने कहा कि पुरी ने दावा किया कि जब वे पहली बार एपस्टीन से मिलने गए थे, तो उन्हें जगह का पता नहीं था क्योंकि एक ड्राइवर उन्हें वहां ले जा रहा था।

एपस्टीन से मिलने जाते समय मुझे थोड़ी बेचैनी महसूस हुई, इसलिए मैंने गूगल पर अपनी मंजिल खोजी और फिर खुद से पूछा कि क्या मुझे एपस्टीन से मिलना चाहिए। उन्होंने पुरी के फैसले पर सवाल उठाते हुए पूछा, जब यह सब हुआ तब हरदीप सिंह पुरी बच्चे थे?

## मणिपुर हिंसा मामलों की निगरानी करेगा उच्च न्यायालय?

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 2023 के मणिपुर जातीय हिंसा मामलों से संबंधित 11 एफआईआर की जांच कर रही है, दो सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने यह सुझाव भी दिया कि सर्वोच्च न्यायालय के बजाय, क्षेत्राधिकार रखने वाला मणिपुर उच्च न्यायालय, जिसमें एक नए मुख्य न्यायाधीश हैं, या गुवाहाटी उच्च न्यायालय, या दोनों ही हिंसा मामलों में मुकदमों और संबंधित घटनाक्रमों की निगरानी करें। इसमें केंद्र और मणिपुर सरकारों से राज्य में जातीय हिंसा के पीड़ितों के पुनर्वास और कल्याण पर न्यायमूर्ति गीता मित्तल समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया गया।




अदालत द्वारा नियुक्त समिति, जिसमें जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मित्तल, बॉम्बे उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिनी पी जोशी और दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशा मेनन शामिल हैं, ने अब तक पीड़ितों के पुनर्वास के उपायों पर कई रिपोर्टें प्रस्तुत की हैं। मणिपुर में 3 मई, 2023 को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 200 से अधिक लोग मारे गए हैं, सैकड़ों घायल हुए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। यह हिंसा तब शुरू हुई जब पहाड़ी जिलों में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' का आयोजन किया गया था।

शुरूआत में हाल ही में दिवंगत हुई महिला पीड़ितों में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि उनकी जगह उनकी मां को पेश किया जाए और आरोप लगाया कि सीबीआई ने उन्हें यह भी सूचित नहीं किया कि उनके बलात्कार मामले में आरोपपत्र दाखिल कर दिया गया है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का समाजवादी पार्टी पर तंज

## धूल चेहरे पर थी, मैं आईना साफ करता रहा- योगी

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए कहा कि उनके व्यवहार से बेटियां घबरा गईं और व्यापारियों ने अपना कारोबार बंद कर दिया। उन्होंने अपनी आलोचना को प्रसिद्ध कवि मिर्जा गालिब के एक कथन से समाप्त किया, "धूल चेहरे पे थी और मैं आईना साफ करता रहा," जिसका अर्थ है कि विपक्ष अपनी गहरी विफलताओं के लिए दूसरों को दोष दे रहा है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी और अन्य दलों के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने राज्य को शर्मिंदा किया, और दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में लगभग 6 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि राज्य की छवि अचानक खराब नहीं हुई। यह समाजवादी पार्टी का विशेष व्यवहार था जिसने बेटियों को घबरा दिया और व्यापारियों ने अपना कारोबार बंद कर दिया।

विपक्ष के भाषण का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि मैं आपके सभी सवालों का जवाब दे दूंगा। और गालिब ने कहा था, 'उमर भर मैं यही भूल करता रहा। धूल चेहरे पे थी और मैं आईना साफ करता रहा।' इसके अलावा, मुख्यमंत्री योगी ने



दावा किया कि नीति आयोग के आंकड़ों पर आधारित सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने पिछले 8 वर्षों में 6 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की रेखा से सफलतापूर्वक बाहर निकाला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें अन्य योजनाओं से वंचित किया जाए। उन्हें राशन, स्वास्थ्य और अन्य सभी प्रशासनिक सुविधाएं मिलती रहेंगी।

उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के भाषण के साथ शुरू हुआ, जिसमें विपक्षी विधायकों ने नारेबाजी की। अपने भाषण में राज्यपाल ने कहा कि राज्य में 6 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। बजट सत्र 9 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा, और 2026-27 वित्तीय वर्ष का राज्य बजट 11 फरवरी को पेश किया जाएगा।

# नैनी में शादी समारोह में हुए विवाद के दौरान एक युवक की पीट कर हत्या





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में गुरुवार की रात में मड़ौका स्थित एक गेस्ट हाउस में कनौजिया परिवार के बेटी की शादी थी। बरात में आए कुछ लोग गेस्ट हाउस के समीप स्थित एक समाधि स्थल पर पेशाब कर रहे थे। वहां से गुजर रहे राजेश कुमार निषाद (45) पुत्र स्व. राम सुमेर ने उन लोगों को समाधि से दूर पेशाब करने के लिए कहा। जिस पर दूसरे पक्ष के लोग हमलावर हो गए और उसे पीट पीट कर मार डाला। कहीं वह जिंदा न हो इसके लिए आरोपियों ने राजेश के मुंह में सरिया घुसेड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद राजेश के शव को खाली प्लाट पर छुपा दिया गया। आरोपियों ने मृतक के भाई को फोन करके बताया कि अपने भाई को समझा लो नहीं तो अंजाम बहुत बुरा होगा। घटना की जानकारी होने पर मृतक के परिजन जब मौके पर पहुंचे तो राजेश का शव प्लाट पर पड़ा देख सन्न रह गए। भाई शेखर निषाद की तहरीर पर 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बताते हैं कि भोर में पुलिस ने आरोपी सिपाही को जौनपुर से हिरासत में ले लिया है। इसके अलावा सात और लोगों को पकड़ा है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने गेस्ट हाउस में भी तोड़फोड़ की। राजेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके दो बेटे एक बेटियां है। वह मकान में पेंटिंग के काम का ठेका लिया करता था।

# फूलपुर में कांग्रेस की पदयात्रा व नुक्कड़ सभा, मनरेगा बहाली को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, मनरेगा की पुनः बहाली एवं अन्य जनसमस्याओं को लेकर शुक्रवार को फूलपुर कस्बे में पदयात्रा, नुक्कड़ सभा और चौपाल का आयोजन किया। पदयात्रा की शुरूआत गोमती इंटर कॉलेज से की गई। कार्यकर्ता जगह-जगह रुककर चौपाल एवं नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों को संबोधित करते रहे। पदयात्रा तहसील प्रांगण पहुंचकर समाप्त हुई, जहां परगना मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और मनरेगा की पुनः बहाली की मांग की।

पदयात्रा का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम गरीबों को 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता था, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे प्रभावहीन कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 100 दिनों तक गांव-गांव चौपाल लगाकर सरकार की नीतियों को उजागर करेगी और मनरेगा की बहाली तक आंदोलन जारी रखेगी। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य शरद उपाध्याय मुन्ना, डॉ. जगत नारायण सिंह, उपाध्यक्ष निशा सिंह, रामसिंह पटेल, राम मनोरथ सरोज, आशीष पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, अनुपम द्विवेदी, सायरा आयशा, सूफिया बानो, डॉ. अमर सिंह पटेल, विनोद तिवारी, पुष्पा चौधरी, गिरधारी लाल गौतम, राजेश पटेल, प्रदीप पाण्डेय, सुरेश पटेल, भेद प्रकाश बिन्द, लवकुश मिश्रा, मो. शमीम, कामरान सिद्दीकी, वाररूम प्रभारी सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, बृजेश सिंह, सरिता सरोज, डॉ. फरीद अंसारी, संगमलाल गुप्ता, सुनीता देवी, संगीता देवी, हृदयानंद यादव, सितारा देवी, कंचन देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोचिंग से लौट रही छात्रा को बचाने में पलटा मिनी ट्रक, किशोरी घायल



**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब कोचिंग से घर लौट रही एक छात्रा को बचाने के प्रयास में किराना सामान से लदा मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में छात्रा घायल हो गई, जिसे परिजनों ने तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के हेतापट्टी गांव निवासी अंजली सिंह 15 वर्ष पुत्री अमर सिंह शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे कोचिंग से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान सकरा गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास किराना सामान लेकर गारापुर की ओर जा रहा एक मिनी ट्रक अचानक उसके सामने आ गया। बताया जा रहा है कि चालक ने छात्रा को बचाने के प्रयास में वाहन को मोड़ दिया, जिससे मिनी ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसमें लदा किराना का सामान सड़क पर बिखर गया। इस दौरान छात्रा वाहन की चपेट में आकर घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अंजली को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना के समय सड़क पर आवाजाही कम थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस को भी मामले की सूचना दे दी गई है।

## घरेलू विवाद के बाद युवक की मौत, कौंधियारा के गौरा गांव में सनसनी



**करछना।** कौंधियारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरा गांव में पति-पत्नी के विवाद के बाद एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गौरा निवासी सत्येंद्र तिवारी उर्फ किनकऊ (पुत्र विद्याकांत तिवारी) की पत्नी भारती गांव में ब्यूटी पार्लर संचालित करती हैं। बीते 9 फरवरी को दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर शांत कराया था। गुरुवार को पुनः कहासुनी होने पर भारती ने आवेश में सिंदूर खा लिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए और शुक्रवार सुबह घर लौटे।

इसी बीच सत्येंद्र अपने कमरे में संदिग्ध अवस्था में पाए गए। कमरे में पंखे से रुमाल लटका मिला, जिससे फंदा लगाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलित किए। मृतक मुंबई में निजी नौकरी करता था और एक सप्ताह पहले ही गांव आया था। परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, किंतु सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## सुदामा सबसे अनोखे भक्त रहे : आचार्य सुरेंद्रनाथ तिवारी ने श्रीमद् भागवत का किया वर्णन



**मांडा।** भवानीपुर गांव में बालकृष्ण शुक्ला उर्फ लल्लू के आवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन आचार्य सुरेंद्रनाथ तिवारी महराज ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया।आचार्य तिवारी ने कहा कि सुदामा संसार के सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। वे भले ही जीवन में गरीब दिखे, लेकिन मन से अत्यंत धनवान थे। उन्होंने अपने सुख-दुख को भगवान की इच्छा पर छोड़ दिया था। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। आचार्य सुरेंद्रनाथ तिवारी महराज ने बताया कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने आए, तो श्रीकृष्ण ने उनके फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को महत्व दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए और सच्ची मित्रता श्रीकृष्ण-सुदामा जैसी होनी चाहिए। इस अवसर पर कृष्णचंद्र शुक्ला, राकेश शुक्ला, पुष्प शुक्ला, संजय मिश्रा, जय कृष्ण मिश्रा, श्रीकांत शुक्ला, गांधी मिश्रा, प्रांजल तिवारी और संघर्ष शुक्ला सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खेलकूद से शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास : डॉ नीरज प्राचार्य

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन दिवस पर शुक्रवार को प्राचार्य डॉ नीरज एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ बृजेश यादव एवं शिक्षकों द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं को विविध पदक, मेडल एवं कप प्रदान किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ नीरज ने कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास को ध्यान में रखते हुए खेलकूद प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा आपसी सहयोग की भावना को विकसित करना रहा शिक्षा के साथ-साथ खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्रतियोगिता में महिला पुरुष की विभिन्न दौड़, ऊंची कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, लंबी कूद, योगासन, रस्साकसी सहित विभिन्न एथलेटिक एवं टीम खेलों का आयोजन किया गया। व्यक्तिगत चैंपियनशिप पुरुष वर्ग में संदीप कुमार यादव 23 अंक के साथ प्रथम, अभिषेक कुमार यादव 19 अंक के साथ द्वितीय, भरत लाल 15 अंक के साथ तृतीय एवं महिला वर्ग मे उजाला कन्नौजिया 16 अंक के साथ प्रथम, खुशी कन्नौजिया 15 अंक से द्वितीय, नेहा यादव 13 अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे।खेल मैदान दर्शकों की तालियों और खिलाड़ियों के जोश से गूंजता रहा। विद्यार्थियों ने अनुशासन का पालन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया, जो प्रतियोगिता की सफलता का प्रमुख आधार रहा। व्यक्तिगत चैंपियन में समापन समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ बृजेश यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हारने वाले खिलाड़ी भी विजेता होते हैं क्योंकि वे प्रयास, अनुभव और सीख लेकर आगे बढ़ते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रवि मिश्र ने किया इस अवसर पर डॉ विनोद कुमार पांडेय, डॉ मुकेश कुमार सिंह, डॉ ओम प्रकाश मिश्र, डॉ गंगेश दीक्षित, डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, डॉ अरविंद कुमार राय, डॉ अमित सिंह डॉ प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ आनंद श्रीवास्तव, डॉ पवन कुमार पांडेय, डॉ सुरेंद्र कुमार यादव, डॉ अमित पांडेय, डॉ ममता यादव, डॉ सुनील कन्नौजिया, डॉ विकास यादव, डॉ सुनील कुमार, डॉ अंबरीश शर्मा, डॉ दुर्गेश यादव, डॉ रामप्रसाद यादव, डॉ पवन कुमार पांडेय, डॉ अरविंद सिंह, डॉ अश्विनी मिश्र, डॉ नीरज कुमार, डॉ वंदना श्रीवास्तव, डॉ संजय पाठक, डॉ छविनाथ उपाध्याय, डॉ चंद्रशेखर पांडेय, डॉ बलराम यादव, डॉ पवन कुमार दुबे, डॉ नवनीत मिश्र, डॉ दिनेश मिश्र एवं ज्ञानप्रकाश ओझा, कृष्णराज शुक्ला, संजीव ओझा, हर्षवर्धन सिंह, विजयकांत शुक्ल, वीरेंद्र यादव, परमेंद्र सिंह, लालचंद्र, मनोज पांडेय, रमेश तिवारी, राकेश तिवारी, विनय दुबे, विनय गौड़, राजकुमार, कृष्ण कुमार यादव, नीरज यादव, वीरभद्र सिंह, धर्मराज, जितेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# दशक से लंबित मेट्रो परियोजना को बजट में नई रफ्तार, 2016 में तैयार हुआ था डीपीआर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** करीब दस वर्षों से फाइलों में अटकी मेट्रो परियोजना को प्रदेश सरकार के नए बजट में संजीवनी मिल गई है। बजट में जिन शहरों में मेट्रो संचालन की योजना को आगे बढ़ाने की बात कही गई है, उनमें प्रयागराज भी शामिल है। इससे शहरवासियों में उम्मीद जगी है कि वर्षों से लंबित परियोजना अब धरातल पर उतर सकेगी।

प्रयागराज में वर्ष 2016 में मेट्रो परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया गया था। इसमें दो कॉरिडोर प्रस्तावित थे-पहला बमरौली एयरपोर्ट से झूंसी तक और दूसरा फाफामऊ से नैनी-छिवकी तक। हालांकि डीपीआर तैयार होने के बाद भी परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी और एक दशक तक कागजी प्रक्रिया में ही उलझी रही। अब बजट में इसे शामिल किए जाने से परियोजना को गति मिलने की संभावना है।

प्रयागराज-चित्रकूट विकास प्राधिकरण के गठन पर जोर

धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के बढ़ते महत्व को देखते हुए बजट में प्रयागराज को आसपास के जिलों से जोड़कर समेकित विकास की योजना बनाई गई है। इसी क्रम में चित्रकूट के साथ प्रयागराज-चित्रकूट विकास प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव रखा गया है। इसका प्रारूप प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की ओर से पहले ही शासन को भेजा जा चुका है।

प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों की अवसंरचना परियोजनाओं के लिए बजट में 800 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इसके अलावा केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी मिशन योजना के तहत प्रदेश के 10 शहरों को शामिल किया गया है। इनमें प्रयागराज के साथ लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, सहारनपुर और मुरादाबाद शामिल हैं।

दुग्ध उत्पादक कंपनी और दिव्यांग कल्याण पर भी फोकस

महिला सामर्थ्य योजना के तहत पांच दुग्ध उत्पादक कंपनियों के गठन का प्रावधान किया गया है, जिनमें प्रयागराज भी शामिल है। वहीं दिव्यांगजन कल्याण के लिए 2140 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आठ प्रतिशत अधिक है। प्रयागराज मंडल के फतेहपुर जिले में नवीन बचपन केयर-डे सेंटर की स्थापना भी इसी योजना का हिस्सा है।

इसके अतिरिक्त प्रदेश के 17 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना का भी बजट में उल्लेख किया गया है। बजट घोषणाओं से स्पष्ट है कि प्रयागराज को धार्मिक, सांस्कृतिक और आधारभूत ढांचे के स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में सरकार कदम बढ़ा रही है।

# एसीपी मेजा के आदेश पर दर्जनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

### महिला सहित दूसरे पक्ष के खिलाफ पाचवें दिन कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** एसीपी मेजा के आदेश पर एक जमीन विवाद में दूसरे पक्ष के दर्जनों लोगों, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह मामला मांडा थाना क्षेत्र के गोरैया खुर्द गांव के निवासी अधिवक्ता विष्णु कांत से संबंधित है। उन्होंने एसीपी मेजा को दी गई तहरीर में बताया कि मांडा के हंड़िया गांव में उनकी जमीन है, जहां उनके परिवार ने पशुओं के लिए एक गोरुआर बनाकर रखा है।

अधिवक्ता के अनुसार, मेजा थाना क्षेत्र के चपरतला गांव निवासी सुरेश भारतीया, अंकित भारतीया, शिव कुमार, श्यामलली, काजल, आंचल, प्रियंका, सुरेश भारतीया के दामाद और तीन अज्ञात लोग उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम मेजा से शिकायत की थी।

राजस्व टीम ने 22 दिसंबर 2025 (संभवतः 2023 या 2024) को जांच के बाद विपक्षियों को 15 दिनों के भीतर अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी दी थी। हालांकि, यह कब्जा नहीं हटाया गया।

इसके बाद, 8 फरवरी को सुबह करीब 7:30 बजे, सभी विपक्षी लाठी-डंडे और धारदार हथियारों के साथ जमीन पर पहुंचे। उन्होंने अधिवक्ता का टीनशेड तोड़ दिया और पेड़ व मड़हा उखाड़ने लगे।

जब अधिवक्ता के परिजनों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान, अधिवक्ता की पांच माह की गर्भवती भाभी के पेट में लात मारी गई,और विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

तहरीर के आधार पर, आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गालीगलौज सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि एसीपी महोदय के आदेशानुसार दूसरे पक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया और मामले की जांच उन्हीं के द्वारा किया जाएगा।

## राजकीय पालीटेक्निक बारा में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ हुआ



### उपजिलाधिकारी बारा नें फीता काटकर व मशाल जलाकर खेल प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

**जसरा।** प्रेरणा गौतम नें कार्यक्रम के शुभारम्भ में पौधरोपण कर वहां पर उपस्थित छात्र छात्राओं को एक एक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया व बैटमिंटन खेल कर कार्यक्रम की सुरुवात की, प्रेरणा गौतम नें छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा की, खेलना हमारे शारीरिक दक्षता और क्षमता को बढ़ाता है। यह हमारे हृदय को मजबूत बनाता है, रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है और मोटापे को कम करता है। खेलनें से हमारे शरीर की मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं, हड्डियाँ मजबूत होती हैं और हमारा ऊर्जा स्तर बढ़ता है। खेल हमारे मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है,प्रयाग संगम सेवा संस्थान की तरफ से प्रेरणा गौतम नें कॉलेज को एक बॉलीबाल दिया व कॉलेज को अच्छे काम के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया,कॉलेज के प्रबंधक शिवम्‌ मिश्र नें उपजिलाधिकारी बारा का अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर स्वागत किया व आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे प्रधानाचार्य डॉ योगेंद्र सिंह,क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी देवांशिका सिंह,प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्र,लेक्चरर सुशीला रानी प्रधानाचार्य प्रसून मिश्र, मानसी शर्मा,तुषार, विजयराज प्रजापती, दिलीप विश्वकर्मा, अभिषेक आदि लोग मौजूद रहे।

## ज्वेलरी शॉप का शटर टेढ़ा कर ?60 लाख के गहने ले उड़े चोर, व्यापारियों में दहशत

**प्रयागराज।** सदर बाजार चौराहा स्थित एक आभूषण की दुकान को गुरुवार देर रात चोरों ने खंगाला डाला। शटर टेढ़ाकर भीतर दाखिल हुए चोर 15 किलो से अधिक चांदी व 100 ग्राम सोने के आभूषण उठा ले गए। इसकी कीमत करीब 60 लाख रुपये है। शुक्रवार सुबह कैंट पुलिस को खबर मिली तो वह मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने भी जांच की। हालांकि, चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। कैंट थानांतर्गत गंगानगर नेवादा राजापुर निवासी प्रियांशु वर्मा की सदर बाजार चौराहे पर आभूषण की दुकान है। गुरुवार रात करीब आठ बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए। शुक्रवार सुबह दुकान के सामने रहने वाले नीरज यादव ने उनको फोन किया। बताया कि उनकी दुकान का शटर टेढ़ा है। खबर पाते ही प्रियांशु वर्मा मौके पर पहुंचे। शटर टेढ़ा था। वह भीतर दाखिल हुए तो दरवाजे पर लगा शीशा टूटा था। सोने-चांदी के सभी आभूषण गायब थे। यह देखते ही उनके होश उड़ गए। आसपास के दुकानदारों की भीड़ जुट गई। खबर पुलिस को मिली तो वह घटनास्थल पर पहुंची। प्रियांशु ने पुलिस को बताया कि 15 किलो से अधिक चांदी व 100 ग्राम सोने के जेवरात चोर उठा ले गए हैं। घटना की जानकारी पाकर बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर पहुंचे।

# डीसीपी गंगानगर, एसडीएम, एसीपी हंडिया ने कुंदौरा मेला का किया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** कुंदौरा महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं, महाशिवरात्रि का मेला रविवार को लगेगा। डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत, एसडीएम हंडिया रावेंद्र सिंह, एसीपी हंडिया शेषधर पांडेय ने शुक्रवार को कुंदौरा मंदिर प्रांगण में मेला की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल कुमार मिश्र उपनिरीक्षक मनीष पांडेय सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे। डीसीपी ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की उन्होंने पुलिस फोर्स को किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए, मेले में आने वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए थानाध्यक्ष को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। जल चढ़ाने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने को कहा गया डीसीपी ने पूरे मेला क्षेत्र भ्रमण किया और मंदिर में महादेव का पूजन अर्चन किया। कुंदौरा महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इस अवसर पर प्रधान हरिप्रसाद मिश्र, बालकृष्ण तिवारी, जवाहर लाल गोंड, अशोक तिवारी, काशीनाथ शुक्ल, जितेंद्र पांडेय, विजय बहादुर, गरुण पांडेय, संदीप शुक्ला, दुर्गेश शुक्ल, शुभम तिवारी, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, आशाराम गोंड सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# लघुडाल नहर खंड लखनपुर प्रयागराज निर्माण कार्य एवं मरम्मत गुणवत्ता विहीन

### दिसंबर माह 2025 में हुई शिकायत का विभाग ने अभी तक नहीं लिया संज्ञान,घोटाले में लिप्त अभियंता गण लीपा पोती में जुटे

**पम्प कैनाल, कालोनी निर्माण, माइनर लाइनिंग मिट्टी कार्य में फर्जीवाड़ा, घटिया सामग्री से हुआ और हो रहा निर्माण कार्य, मुख्य मंत्री से शिकायत**

**शहजादे**

**कोरांव।** कोरांव तहसील के लखनपुर गाढ़ा में स्थापित बेलन नदी पर लिफ्ट कैनाल इत्यादि की मरम्मती करण के लिए तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपए स्वीकृत हैं जिनमें विभागीय अधिकारी,अभियंता,निर्माण कार्य दाई संस्था द्वारा निर्माण रिपेयर के नाम पर लंबा घोटाला किया जा रहा है। जिसकी शिकायतें अखबारों,और द्वारा उचित माध्यमों सोशल मीडिया,पत्राचार के जरिए प्रमुख सचिव सिंचाई लखनऊ और प्रयागराज के मुख्य विभागीय अधिकारियों से की गई किंतु कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई,बल्कि युद्ध स्तर पर मनमानी गुणवत्ता विहीन कार्य जारी है।

ज्ञात हो कि इस न्यूज पेपर के प्रतिनिधि ने 13 फरवरी 2026 को प्रातः नौ बजे करीब स्थलीय जायजा लिया। जहां सारे निर्माण कार्य मनमाने गुणवत्ता विहीन देखे गए और घटिया सामग्री का प्रयोग होता हुआ दिखा। बालू लोकल नदी की,मात्र दिखावटी के लिए सोनभद्र की बालू कुछ मात्रा में रखी गई थी।

ग्रामीणों और ग्राम पंचायत लखनपुर द्वारा नियुक्ति निगरानी समिति के सदस्य कृष्ण पाल सिंह ने बताया कि लघु डाल नहर वाले अभियंता घटिया निर्माण कार्य करके सरकारी धन का दोहन करा रहे हैं घोटाला में लिप्त हैं। पूर्व में घटिया सामग्री से निर्मित तीस मीटर निर्मित लाइनिंग धंस गई जिसे पुनः निर्मित किया जा रहा है। पावर हाउस का दीवार गिर गई है,किसान के खेत में बोई अरहर की फसल को नष्ट कर दिया गया है। जिसकी शिकायत समाधान दिवस कोरांव में भी की गई है।

**नहर विभाग का कमाल**

- हरदीहा माइनर, बरौंहा माइनर, मलीपुर माइनर, अमिलियापाल माइनर की मरम्मती करण मिट्टी कार्य में मिट्टी का कार्य न करा कर मशीनों से ड्रेसिंग समतली करण करके नया मिट्टी डालने का कार्य कर घोटाला किया गया। लोकल बालू सीमेंट से पेइचिंग आदि का कार्य कराया गया।
- मेकेनिकल कार्य हेतु बिना टेंडर के ही कार्य कराया गया।
- हैंडपंप और पावर हाउस का सभी कार्य विभागीय अफसरों ने अपने स्तर से ठेका देकर प्राइवेट रूप से कार्य कराए,
- हरदीहा माइनर हेड पर पानी न जाने से किसानों में नाराजगी देखी गई। बीच में पानी का रुकावट लगा कर जगह जगह नहरों में तब पानी पहुंचने का कार्य किया गया।
- मुख्य नहर टेल तक पुरानी नहर का बंधा जेसीबी मशीनों से तोड़वा कर मिट्टी का कार्य बिना बाहर से मिट्टी ला कर कराया गया।
- अमिलिया माइनर में कोई भी मिट्टी का कार्य नहीं कराया गया।
- मुख्य बस्ती में जाने आने हेतु मार्ग बाधित कर दिया गया। इसमें ऊंची पाइप बिछा कर बंद कर दिया गया। जबकि उसमें एसबैंड लगा कर रास्ता आवागमन के लिए दिया जा सकता है।
- बाल मजदूरी ऐक्ट का भी किया गया उल्लंघन,बालक बोला पढ़ाई करने के लिए पैसे नहीं इस लिए कर रहा मजदूरी,
- दरअसल सात आठ साल से नियुक्त अवर अभियंता मिथिलेश कुमार जिनका ट्रांसफर रायबरेली के लिए हुआ है लोगों का आरोप है कि एक्सियन ने उन्हें रोक रखा है क्योंकि फजीर्बाड़ा कर के कमाई कराने का हुनर हासिल है।

आईजीआरएस और अखंड भारत संदेश में छपी खबर को मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर हुई थी शिकायत

लघु डाल नहर उप खंड लखनपुर प्रयागराज द्वारा पुरानी कालोनी को भी ध्वस्त कर तथा कुछ छतों की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।जिसमें लगे मजदूरों ने बताया चार सौ रुपए मजदूरी मिल रही है।

फिलहाल कृष्णपाल सिंह और मंत्री अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल के अहद अहमद सिद्दीकी सहित ग्राम प्रधानों ने उक्त विभाग के कारनामों की शिकायत की और नाराजगी जताई है। मुख्य मंत्री से शिकायत कर दूसरे विभाग के जांच टीम से कराए जाने की मांग की गई है।

**न्यायालय उप जिला अधिकारी मंझनपुर जनपद कौशांबी**

**सूचना**

**बाद संख्या 12281 सन 2025**

**कंप्यूटरी कृत वाद संख्या टी 202502420312281**

**बसंतलाल आदि बनाम चमेलिया आदि**

**अंतर्गत धारा 144 अधिनियम उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 मौजा कोसम खिराज।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय उप जिला अधिकारी मंझनपुर जनपद कौशांबी में दाखिल मुकदमा में बसंतलाल वा हीरालाल पुत्रगण त्रिलोक निवासी हिसाम बाद मजरा कोसम खिराज परगना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी बनाम 1चमेलिया देवी पत्नी दूधनाथ 2 जवाहर 3 रामसिंह 4 सोनू पुत्रगण दूधनाथ 5 लोकनाथ पुत्र परिहार निवासीगण हिसाम बाद मजरा कोसम खिराज परगना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी 6 सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी कौशांबी 7 ग्राम सभा कोसम खिराज परगना करारी तहसील मंझनपुर जनपद कौशांबी द्वारा ग्राम प्रधान के मुकदमे की सुनवाई में प्रतिवादी गणों को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है समस्त प्रतिवादीगण दिनांक 10 03 2026 को समय 10 बजे स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हो अनुपस्थित रहने पर वाद का निस्तारण एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

**न्यायालय के हस्ताक्षर मुद्रा सहित जारी**

**न्यायालय उप जिला अधिकारी**
**मंझनपुर जनपद कौशांबी।**

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस की विशाल पदयात्रा सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर एवं समाप्त करने के प्रयासों के विरोध में शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर 45 दिवसीय अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में दस किलोमीटर की विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। पदयात्रा पूर्वाह्न 10 बजकर 15 मिनट पर कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान जगह-जगह नुक्कड़ सभाएं एवं चैपाल आयोजित कर आमजन को मनरेगा के महत्व तथा इसके माध्यम से ग्रामीणों को मिलने वाले रोजगार के अधिकार की जानकारी दी गई। प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी एवं संगठन सृजन अभियान के जिला कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी ने कहा कि




मनरेगा ग्रामीण गरीबों के जीवन-निर्वाह का आधार है और इसे समाप्त करने का कोई भी प्रयास कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बशीर पहलवान ने संयुक्त रूप से कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों के सम्मान और अधिकार से जुड़ा हुआ कानून है।

जिला महासचिव संतोष सिंह एवं जिला प्रवक्ता मासूम हैदर ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस पार्टी अंतिम व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। पदयात्रा में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, महेंद्र शुक्ला, विजय शंकर त्रिपाठी, कपूर सरोज, दिनेश प्रताप सिंह, मलखान,भवानी शंकर दूबे,करुण पांडे, चंद्रनाथ शुक्ला, आर.पी वर्मा, छोटेलाल सरोज, मुजम्मिल हुसैन, मौलाना वाहिद, प्रशांत सिंह प्रिंशु,नफीस खान, सलमान खान,मकरंद शुक्ला, राजेंद्र वर्मा, सुरेश कुमार सरोज,डॉ दीपक शुक्ला, दुर्गेश तिवारी, शिवांशु भट्ट, मोहम्मद सईद, मीरा देवी गौतम, सोनी तिवारी, रवि प्रताप सिंह, सुरेश मिश्रा, हजारीलाल वर्मा, रफीक आशिक अली, आजाद, आमिर, सत्यम तिवारी, प्रकाश पांडे, विकास यादव, आद्या प्रसाद द्विवेदी, सुरेश कुमार दुबे, सनी मिश्रा,मोहम्मद रुस्तम, मोबीन अहमद, मोहम्मद नसीब, पृथ्वीराज गौतम, अरविंद तिवारी, सागर विश्वकर्मा, पुनीत मिश्रा, रमेश कश्यप, बृज बिहारी मिश्रा, शुभम शुक्ला, राहुल सरोज दीपक सरोज अरुण सरोज आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बकाया पैसा मांगने पर की पिटाई, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** बकाया पैसा मांगने पर पीड़ित के साथ मारपीट की गयी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जूड़ापुर गांव निवासी अशोक कुमार यादव पुत्र राज बहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बारह फरवरी की सुबह करीब आठ बजे वह गांव के अनुराग यादव पुत्र शंकर यादव के यहां खेत की जुताई का बकाया रुपए अठारह सौ मांगने गया था। आरोप है कि आरोपी अनुराग ने अपनी मां सुशीला देवी व बहन बबली तथा रोशनी के साथ मिलकर गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा। आरोपियों ने पीड़ित की बहन प्रर्मिला को भी मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## न्यूज झरोखा

### जय कन्हैया लाल की जयघोष से गुंजायमान हुआ रायपुर रोड



**पट्टी।** रायपुर रोड स्थित विवाह मंडप के पीछे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैसे ही कथा व्यास त्रिवेणी प्रसाद महाराज ने भगवान के प्राकट्य का प्रसंग सुनाया, पूरा पंडाल नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने टोकरियों में विराजे बाल स्वरूप का भव्य स्वागत किया और जमकर पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की महिमा बताते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब प्रभु दुष्टों के संहार और भक्तों के उद्धार के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने कंस वध और प्रभु की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन कर भक्तों को भावविभोर कर दिया। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद और माखन-मिश्री का वितरण किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। यहां पर मुख्य यजमान ब्रदी प्रसाद उमरवैश्य सहित लखनलाल उमरवैश्य, राधेश्याम उमरवैश्य, आलोक कुमार, नारायण दास, राम सुंदर, शेष नारायण, जगदम्बा प्रसाद, माता प्रसाद, राजेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मंदिर के महन्त बाबा रामकृपाल दास का निधन, जताया गया दुख



**प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम स्थित रामजानकी मंदिर के महन्त बाबा रामकृपाल दास 85 का बीमारी के चलते शुक्रवार की सुबह लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के आश्रम पहुंचे और उनका अंतिम दर्शन किया। इधर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने भी बाबा रामकृपाल के निधन पर दुख जताया। वही महंत मयंक भाल गिरि, आचार्य प्रताप नारायण मिश्र, आचार्य आदित्य दुबे, पं0 वीरेन्द्रमणि तिवारी, फक्कड़ पाण्डेय आदि ने भी बाबा रामकृपाल के निधन पर दुख जताया है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की दर्दनाक मौत

**पट्टी।** कंधई के मंगरौरा इलाके के बरहा गांव में रिश्तेदार के यहां शादी समारोह से वापस घर लौटते समय कंधई के रखहा बाजार के समीप चिलबिला पट्टी सड़क पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। मौके से चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसो में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। दिलीप पुर थाना क्षेत्र के पूरे दुरबन देवलहा गांव निवासी श्रीराम मौर्य का एकलौता बेटा विजय मौर्य (27) गुरुवार की देर शाम बाइक से बरहा गांव रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने गए हुए थे। विजय मौर्य मध्यरात्रि 1 बजे के आसपास बाइक से घर वापस लौटते समय कंधई के रखहा बाजार चैराहे पर पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार चिलबिला की तरह से आ रहे अज्ञात वाहन ने विजय की बाइक में टक्कर मारकर मौके से चालक वाहन लेकर भाग गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा विजय के पिता श्रीराम मौर्य रोते बिलखते मेडिकल कॉलेज पहुंचे शुक्रवार को पुलिस पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता की तहरीर पर कंधई पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कंधई सत्येंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि बारात से घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन की टक्कर से इलाज के दौरान मौत हो गई है पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का युवती ने लगाया आरोप

**पट्टी।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, उसकी युवक से जान-पहचान हुई जो धीरे-धीरे दोस्ती में बदल गई। दोनों के बीच मिलना-जुलना बढ़ा। युवती का आरोप है कि इसी दौरान युवक ने शादी का आश्वासन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब उसने विवाह के लिए दबाव बनाया तो युवक ने शादी से साफ इनकार कर दिया। मामले में पट्टी थाना प्रभारी आनंदपाल सिंह भदोरिया ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। प्रकरण की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने बाबा घुइसरनाथधाम पहुँचे डीएम व एसपी

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, महाशिवरात्रि पर चाक-चैबंद रहेंगी व्यवस्थाएं**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर जनपद प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने शुक्रवार को प्रसिद्ध तीर्थस्थल बाबा घुइसरनाथधाम पहुँचकर पूजा-अर्चना की तथा पर्व की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। बाबा घुइसरनाथ धाम पर जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। डीएम



एवं एसपी ने मन्दिर परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होने निर्देशित किया कि महाशिवरात्रि पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े इसका विशेष ध्यान दिया जाये। श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाये। मन्दिर की व्यवस्थाओं की निरन्तर निगरानी करते रहेगें यदि किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत हो तो उसका निस्तारण भी करायें। मन्दिर परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रहें जिससे श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करने में कोई दिक्कत न होने पाये। मेले में सुरक्षा व्यवस्था, महिला पुलिस की तैनाती, वैरीकैडिंग, फायर बिग्रेड, नदी के किनारे नाव व गोताखोर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रहे। मेला क्षेत्र में अस्थायी चिकित्सा केन्द्र, एम्बुलेन्स आदि की व्यवस्था रहे। मन्दिर परिसर में पानी की व्यवस्था निरन्तर बनी रहे और पानी के टैंकर की व्यवस्था निर्धारित स्थल पर की जाये। मेला क्षेत्र में विद्युत की आपूर्ति निरन्तर बनी रहे, इसमें अनावश्यक रूप से कटौती न की जाये। उपजिलाधिकारी लालगंज को निर्देशित किया गया कि बाबा घुइसरनाथधाम सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी करते रहे और सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय बनाकर महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न करायेगें। उन्होने बाबा घुइसरनाथधाम में 31वॉ राष्ट्रीय एकता महोत्सव में आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने बाबा घुइसरनाथधाम में भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात नियंत्रण आदि के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने मंदिर स्थित तालाब व नदी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से नदी की गहराई, घाटों की सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने घाटों की स्वच्छता, बैरिकेडिंग एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध पहले से तैयार रहें। इस दौरान डीएम एवं एसपी द्वारा मछलियों को दाना भी खिलाया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी लालगंज शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा से बढ़ती मौतों को लेकर मोना ने विधानसभा में सरकार की किया घेराबंदी

**कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता ने दुर्घटनाओं से बढ़ रही मृत्युदर को बताय चिन्ताजनक**

**लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को विधानसभा में सड़क सुरक्षा को लेकर अपर्याप्त प्रबन्धों पर विधानसभा में सवाल दागा है। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने सरकार से कहा कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं से बढ़ रही मृत्यु दर अत्यन्त चिन्ताजनक है। उन्होने प्रदेश की योगी आदित्य नाथ सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में किए जा रहे प्रयास को भी अपर्याप्त करार दिया। उन्होने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य को लेकर सरकार ठोस कदम उठाए। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पचीस करोड़ से अधिक आबादी रखने वाले प्रदेश में लाखों लोग प्रतिदिन सड़कों के माध्यम से यात्रा करते हैं। उन्होने कहा कि दुखद है कि आज उ0प्र0 सड़क दुर्घटनाओं में भी नंबर वन बनने की तरफ अग्रणी हो रहा है। उन्होने सदन के माध्यम से सरकार को बताया कि प्रदेश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में छप्पन प्रतिशत दुर्घटनाएं तेज गति व बारह प्रतिशत सड़क दुर्घटना से होने वाली मौते गलत दिशा में वाहन चलाने और आठ प्रतिशत नशे में वाहन चलाने से हो रही है। उन्होने कहा कि इन कारणों से प्रतिवर्ष लगभग पैतालिस हजार से ज्यादा सड़क हादसे हो रहे हैं। जिनमे चैबीस हजार से अधिक लोगों की असमय दुखद मौत हो रही है। उन्होने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा लोगों की जान सड़क दुर्घटना से होने के कारण हजारों परिवार उजड़ रहे हैं। उन्होने सरकार से कहा कि ऐसे में जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों में पचास प्रतिशत से अधिक युवा हैं। सरकार दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों पर विशेषतौर पर ध्यान केन्द्रित करे। उन्होने कहा कि गृह जनपद प्रतापगढ़ समेत आगरा, मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे, रायबरेली में गंगा एक्सप्रेसवे तथा कानपुर में ओवर स्पीडिंग से बड़ी संख्या में अनचाही मौंते हुई है। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सरकार इक्तीस जनवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान चला रही थी लेकिन अब यह प्रतीकात्मक मात्र बनकर रह गया है। उन्होने सरकार को सुझाव दिया कि प्रदेश के प्रत्येक जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर विशेषज्ञों द्वारा इंजीनियरिंग आडिट कराकर सड़क की संरचना, डिजाइन व सुरक्षा व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाना चाहिए। उन्होने इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात प्रबंधन में मैन पावर की कमी को भी बड़ा कारण करार दिया। उन्होने सरकार से कहा कि इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्कूल तथा कालेज स्तर पर सड़क सुरक्षा शिक्षा को अनिवार्य किया जाना चाहिए। वही प्रदेश में उन्होने टैजफिक पुलिस व होमगार्ड की तत्काल भर्तियों पर भी जोर दिया। उन्होने दुर्घटना पीड़ित परिवारों के लिए सरकार से प्रभावी, पारदर्शी व स्थायी योजनाएं लागू किये जाने की भी मांग उठाई है। विधानसभा में विधायक मोना के दिये गये वक्तव्य की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से दी गयी है।

## बाघराय सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ मुख्यमंत्री से हुई शिकायत

**कुंडा।** बाघराय सीएचसी अधीक्षक की सीएचसी संचालन में बड़ी अनियमितताओं का हवाला देते हुए ग्रामसभा रायपुर जलालपुर निवासी अखिल भारतीय ग्राम पंचायत सदस्य संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह ने सीएचसी अधीक्षक समेत सीएमओ प्रतापगढ़ की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुए सूबे के मुख्यमंत्री को पत्राचार के माध्यम से शिकायत की है।जिसमें सीएचसी अधीक्षक बाघराय डाक्टर दिनेश सिंह के सुबह 10 बजे आने व दो बजे सीएचसी से वापस चले जाने का आरोप लगाते हुए अधीक्षक द्वारा निजी नर्सिंग होम जगपत सिंह सिंगरौर नर्सिंग होम चौफटका प्रयागराज संचालित करने का बड़ा आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही सीएचसी बाघराय में बतौर एल0 टी0 (लैब टेक्नीशियन) तैनात सत्येन्द्र कुमार सिंह सीएचसी में सेवा न देकर अपितु अधिक्षक के निजी हॉस्पिटल में सेवा दे रहे हैं, जबकि अधीक्षक द्वारा सीएचसी बाघराय में डाक्टर सत्येंद्र का हस्ताक्षर बनवाकर सीएचसी बाघराय से धन आहरित किया जा रहा है जोकि शासकीय धन का दुरूपयोग है। तीसरे बिंदु पर शिकायती ने आरोप लगाया कि सीएचसी में तैनात महिला डॉक्टर सुकेंशु जोकि सप्ताह में महज दो दिन ही सीएचसी आती हैं बाकी दिन गायब रहती हैं जिसमें सीएचसी अधीक्षक एवं सीएमओ की सहमति शामिल है,जबकि इन्हें प्रतिदिन ओपीडी करनी चाहिए,जिससे क्षेत्रीय लोगों को बेहतर इलाज की व्यवस्था मिल सके,लेकिन यह गायब रहकर लगातार शासन की मंशा की अवहेलना कर रही हैं। इसके अतिरिक्त पी एच सी धनवासा में तैनात डाक्टर संजय केशरवानी,एवं पीएचसी सकरदहा में तैनात डाक्टर शीलू केशरी सप्ताह में मात्र तीन दिन आते हैं,और शीलू केशरी और संजय केशरी पति पत्नी है, इसमें भी अधीक्षक व सीएमओ के संरक्षण में किया जा रहा है। साथ ही हॉस्पिटल में लगे जनरेटर के संचालन संबंधी शिकायत व सीएचसी बाघराय में भर्ती होने वाले मरीजों को पांच से आठ घंटे में डिस्चार्ज कर दिया जाता है। जबकि प्रसूता महिलाओं को 48 घंटे तक डॉक्टरों की निगरानी में रखे जाने का प्रावधान है।

# उत्पीड़न को लेकर दूसरे दिन भी लालगंज में गरजे वकील, एसडीएम को दिया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** साथी अधिवक्ता पर फायरिंग के केस में कार्रवाई न होने तथा रानीगंज तहसील में वकीलों के द्वारा एसडीएम के खिलाफ आंदोलन के समर्थन में दूसरे दिन शुक्रवार को भी वकीलों ने यहां विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आशीष तिवारी व रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में एसडीएम कोर्ट के सामने प्रदर्शन कर एसडीएम को डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। वहीं अधिवक्ताओं ने मांगो के समर्थन में शुक्रवार को भी न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। इसके चलते तहसील मे न्यायिक कामकाज में गतिरोध बना दिखा। शुक्रवार की सुबह नाराज अधिवक्ता तहसील के मध्य गेट पर एकत्रित हुए। मांगों को लेकर



अधिवक्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी करते अधिवक्ताओं का जत्था प्रथम तल पर मौजूद निर्वाचन पटल के सामने पहुंच गया। वकीलों का हंगामा सुन एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा बाहर आये। अधिवक्ताओं ने एसडीएम को डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तहसील के अधिवक्ता आलोक शुक्ला पर फायरिंग के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई न होने पर नाराजगी जतायी गयी है। वहीं ज्ञापन में डीएम से रानीगंज में एसडीएम को लेकर धरना दे रहे साथियों का समर्थन करते हुए वहां के एसडीएम के तबादले की मांग भी उठाई गयी है। विरोध प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, प्रवीण यादव, दिनेश सिंह, सिंटू मिश्र, सूर्यकांत निराला, विनोद मिश्र, आलोक शुक्ला, तपन पाण्डेय, शैलेन्द्र शुक्ला, श्याम पुष्पाकर, पारसनाथ सरोज, राजेश कुमार, घनश्याम मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

# मां ने बेटे पर साथियों के साथ मिलकर चोरी करने का लगाया आरोप



**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के अखौवा गांव में एक मां ने अपने ही बेटे पर साथियों के साथ मिलकर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

अखौवा गांव निवासी शोभा देवी पत्नी हरीकांत ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि घटना गुरुवार की देर रात की है। उस वक्त वह अपने पति के साथ घर के बाहर टिन शेड में सो रही थीं, जबकि उनकी बहू रीता देवी पत्नी अनिल कुमार अपने बच्चों



के साथ घर के अंदर थी। देर रात चोरों ने घर के पिछले हिस्से में सीढ़ी लगाई और रोशनदान की जाली काटकर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने घर के अंदर रखी अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे आधा किलो चांदी का कमर करधनी, एक तोला सोने की चेन, अंगूठी व झुमका व 10 हजार रुपये नकद सहित अन्य सामान उठा ले गए। सुबह जब बहू सोकर उठी तो सामान बिखरा देख शोर मचाया। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। पीड़िता शोभा देवी ने अपने ही छोटे पुत्र चोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण आशंका है कि उनके बेटे ने ही अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## घूर व रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** घूर व रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर इदिलपुर गांव की गुडडी देवी पत्नी स्व0 राधेश्याम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रास्ते पर खडण्जा लगवाने तथा दरवाजे के सामने घूर लगाने के विवाद को लेकर बीती ग्यारह फरवरी को गांव के जग नारायण व राम नारायण पुत्रगण देवतादीन तथा संदीप कुमार पुत्र राम नारायण ने गालीगलौज करते हुए पीड़िता व उसकी पुत्री शांती वर्मा को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया आयोजन

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव कमल पाण्डेय के मार्गदर्शन में विकास खंड पट्टी के ब्लॉक सभागार में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांभवी द्वितीय ने कहा कि कमजोर वर्गों के लिए निशुल्क विधिक सहायता का प्रावधान किया गया है, वही कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु भी पात्र व्यक्ति विधिक सेवा प्राधिकरण से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि 22 फरवरी को जनपद मुख्यालय पर मेगा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन होने जा रहा है जिसमें लोगों को निशुल्क विधिक सहायता के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को जिनकी कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच बनी है का प्रमाण पत्र एवं स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए जायेंगे। उन्होंने महिलाओं को सुरक्षा ,सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से लोगों के



अधिकारों तक पहुंच सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर तहसीलदार पट्टी पवन कुमार सिंह ने लोगों को राजस्व विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता इंद्र प्रसाद तिवारी द्वारा निशुल्क विधिक सहायता की पात्रता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। पीएलवी मुनीन्द्र प्रताप भारती द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य की पात्रता एवं लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। लोगों के प्रति आभार खंड विकास अधिकारी पट्टी राजीव पाण्डेय ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम प्रकाश पाण्डेय प्रभारी लीगल एड क्लीनिक तहसील पट्टी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी कोतवाली पट्टी आनंद भदौरिया, वरिष्ठ पैनल व्यवस्था बिंदेश्वरी प्रसाद बिंदु पाठक, बसंत लाल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत विजय राज, सहायक विकास अधिकारी राकेश कुमार, मोहम्मद शमीम, पीएलवी शीला देवी, रवि पटेल, हुश्ननारा बानो, कुसुम गौतम, खुशबू, नाजरीन आदि लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 91 जोड़े वैवाहिक बंधन में बधें

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर ने भागवत एण्ड सुन्दर रिजार्ट,सराय अकिल में आयोजित भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 91 जोड़े वैवाहिक बंधन में बधें, जिसमें 02 जोड़े मुस्लिम समुदाय के भी सम्मिलित रहें। समारोह में वैदिक मन्त्रोच्चार एवं पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराए गए। अध्यक्ष जिला पंचायत, जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल, एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए ईश्वर से सुखमय, समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कॉमना की।अध्यक्ष जिला पंचायत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा गरीब कन्याओं का विवाह कराया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस घर में बेटी होती है, उसका पिता राजा होता है। बेटे भाग्य से पैदा होते है, बेटियॉ सौभाग्य से पैदा होती है। उन्होंने कन्याओं से कहा कि आप जिस घर जा रहीं है, उस घर का नाम रोशन करें।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत प्रति जोड़ा एक लाख रूपए का प्राविधान किया गया है। जिसमें 60 हजार कन्या के खाते में हस्तान्तरित किया जाता है, 25 हजार रूपए से घरेलू सामान दिया जाता है एवं 15 हजार रूपए आयोजन पर व्यय किया जाता है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यन्त लाभकारी है।इस अवसर पर जितेन्द्र सोनकर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

# तीन सौ रुपए लूट के इरादे से वृद्ध महिला की हुई हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि वृद्ध महिला की हत्या के बाद उसके जेब से 300 रुपए निकाल लिया**



**हरराय़पुर कौशांबी।** बढ़ते भ्रष्टाचार अपराध अत्याचार के बाद मनुष्य की जिंदगी की कीमत खत्म हो गई है वृद्ध महिला की हत्या 300 रुपए लूट के लिए कर दी गई है हालांकि पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेज दिया है लेकिन सवाल उठता है कि अपराध अत्याचार में लोग किस तरह से शामिल है कि 300 रुपए के लिए, लोगों की हत्या कर दे रहे हैं। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में 9 फरवरी की रात में सोते समय वृद्ध महिला लखपतिया उम्र लगभग 70 वर्ष की गला घोटकर हत्या कर दी गई थी घटना के खुलासा में पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित कर खुलासा करने का निर्देश दिया एसओजी प्रभारी की टीम और संदीपन घाट थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से हत्या की घटना के खुलासा का प्रयास किया जिस पर मालूम चला कि ओम प्रकाश पटेल उर्फ छोटू पटेल पुत्र रामनरेश पटेल ने लूट की नियत से वृद्ध महिला की गला दबाकर हत्या की है पुलिस ने सैय्यद सरावां मोड़ के पास से आरोपी ओमप्रकाश पटेल को गिरफ्तार कर लिया है पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि 9 फरवरी की शाम 4:00 बजे वह गुटखा लेने गया था देख रहा था कि वृद्ध महिला अपने जेब में कुछ रुपए रख रही है जिससे उसकी नियत खराब हो गई और रात में वृद्ध महिला के पास पहुंचा और उसकी जेब की तलाशी लेने लगा लेकिन वृद्ध महिला जाग गई और वह नाम लेकर पुकारने लगी पकड़े जाने के डर से उसने वृद्ध महिला लखपतिया का गला दबाकर हत्या कर दिया है गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि वृद्ध महिला की हत्या के बाद उसके जेब से 300 रुपए निकाल लिया है पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है जहां से आरोपी ओमप्रकाश को जेल भेज दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने तहसील मंझनपुर का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज तहसील मंझनपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी एस.पी. वर्मा को तहसील में फरियादियां के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था, समुचित पेयजल व्यवस्था एवं शौचालयां की साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुरूष शौचालय में पानी की उपलब्धता न होने एवं वाटर कूलर की साफ-सफाई ठीक न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए नाजिर का वेतन रोकने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी न्यायालय के निरीक्षण के दौरान अभिलेख व्यवस्थित न पाए जाने पर पेशकार का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व मामलों के निस्तारण में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार न्यायालय एवं नायब तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण के दौरान राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान कहा कि व्यस्थित तरीके से अभिलेखों का रख-रखाव किया जाय एवं सी.सी.टी.वी. की क्रियाशीलता सुनिश्चित बनाए रखी जाय जिलाधिकारी ने लेखपाल अमीन आदि के सर्विस बुक के अवलोकन के दौरान कहा कि सर्विस बुक अपडेट रखी जाय। उन्होंने अमीन से 10 लाख से अधिक बकायेदारां व उनसे राजस्व वसूली की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए तहसीलदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आई.जी.आर.एस. रजिस्टर/जनशिकायत रजिस्टर व तहसील रजिस्टर के अवलोकन के दौरान कहा कि शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर व अपडेट न पाए जाने पर जनशिकायत लिपिक को चेतावनी जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी सूचनाएं अपडेट रखी जाय। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक ओम प्रकाश सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में छात्राओं का विदाई कार्यक्रम आयोजित

**कक्षा 9वीं एवं 11वीं के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12वीं के समस्त छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर,पुष्प वर्षा कर दही और पेड़े को खिलाकर मुंह मीठा कर-के द्वार पर ही भव्य एवं दिव्य स्वागत किया**



**कौशांबी।** प्रयागराज एवं कौशाम्बी के बॉर्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज में शुक्रवार को कक्षा 12वीं में पढ़ रहे विभिन्न विभागों जैसे विज्ञान,कॉमर्स आर्ट्स साइड एवं अन्य विषयों के समस्त छात्र छात्राओं हेतु परम्परा युक्त एवं संस्कार युक्त दिव्य-भव्य आर्शीवचन एवं विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय में पढ़ रहे कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं के छात्राओं एवं उनसे संबंधित शिक्षकों द्वारा आहूत किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के द्वार पर ही कक्षा 9वीं एवं 11वीं के छात्र छात्राओं ने कक्षा 12वीं के समस्त छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर,पुष्प वर्षा कर दही और पेड़े को खिलाकर मुंह मीठा करके द्वार पर ही भव्य एवं दिव्य स्वागत किया तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ. प्रभु शंकर शुक्ला भारत सरकार रेलवे बोर्ड के सलाहकार सदस्य को बुके देकर छात्र कृष्णा सेन के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथि डॉ.शुक्ला जी द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की मूर्ति पर तिलक रोली के साथ माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलन कर आरती उतारी गई तदोपारान्त विद्यालय के छात्राओं द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिनमें विभिन्न प्रदेशों की झांकियां,शिक्षा की उपयोगिता देशभक्ति से ओतप्रोत एवं मनोरंजन के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के समस्त हाउस प्रभारी द्वारा क्रमशःसविता प्रजापति,पिंकी यादव,प्रिया शर्मा एवं शिवांगी राठौर द्वारा अपने-अपने हाउसो के बच्चों को आशीर्वाद एवं भविष्य हेतु उज्जवल कामना प्रदान की गई। तथा समस्त हाउस की प्रभारी माला पटेल मैडम द्वारा समस्त हाउस के बच्चों को एकाग्रता के साथ पठन-पाठन एवं भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई कॉलेज के विशिष्ट शिक्षकों द्वारा भी जैसे जयंत पाण्डेय दिनेश कुमार यादव, अशफाक अहमद,गौरव सिंह,हेमंत मौर्य एवं अन्य शिक्षको के द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को पढ़ने के विशेष तौर तरीके एवं टिप्स सिखाए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के पद से बोलते हुए डॉ. प्रभु शंकर शुक्ला ने भी विद्यालय में पहले 25 वर्षों के बोर्ड का रिजल्ट बताया और यह कहा कि पुरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में लगातार 25 वर्षों से इस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बच्चे पठनपाठन कर बाहर निकल रहे हैं जो की आईआईटी एमबीबीएस एलएसबी.नीट एवं अन्य विभिन्न उत्कृष्ट क्षेत्र में अपना स्थान बनाकर परचम लहरा रहे हैं। देश के बड़े-बड़े संस्थानों गूगल,इशरो,रक्षा विभाग लेखा विभाग आईएएस,आईईएस पीसीएस,सेना एवं कई बड़े संस्थानों में कार्यरत हैं। कॉलेज में निम्न छात्र छात्राओं जो आदित्य चौरसिया वैभव पटेल,जया केशरवानी,को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं छात्र कृष्णा सेन एवं छात्रा कशब को पीपीएस.लाइफटाइम अचीवर से सम्मानित किया गया एवं विद्यालय के विशेष टॉप 20 स्टूडेंट कशब,कृष्णा सेन आदित्य चौरसिया,वैभव पटेल अनिकेत अंश केशरवानी,मुस्कान केशरवानी ललिता सोनी जया केशरवानी मानशी केशरवानी, मोहम्मद हिफजान मोहम्मद कैफ उज्जवल पाण्डेय मोहम्मद शहजेब नीलू कुमारी पायल कुमारी तनू शर्मा सेराज अहमद मोहम्मद अर्शिद सिद्दकी,वैभव केशरवानी आदि को स्टूडेंट ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आई.सी.आई टॉपर डिप्टी डायरेक्टर प्रहस्त शुक्ला द्वारा भी समस्त छात्र छात्राओं को भविष्य की नीति के बारे में बताया गया और शुभकामनाएं प्रदान की गई कॉलेज की वरिष्ठ शिक्षिका निर्मला पाण्डेय द्वारा सभी छात्र छात्राओ को आशीर्वाद दिया गया कॉलेज की एजुकेशन इंचार्ज अंजू दीक्षित ने भी समस्त छात्र छात्राओं के बीच अपने पुराने अनुभव साझा किए एवं भविष्य के दृष्टिकोण के बारे में भी विस्तार से बताया उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन गणित के शिक्षक जितेंद्र वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मध्य में कॉलेज के एन.सी.सी. विंग के बच्चों को भी रैंक एवं विशेष अलंकरण प्रदान किया गया।

# कांग्रेस पार्टी के मनरेगा बचाओ पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** मंझनपुर विधानसभा के टेवा से प्रारम्भ होकर बरेसा से कुंआडीह होते हुए जजौली वा सिराथू विधानसभा के सैनी मंडी से सैनी चौराहा तक मनरेगा बचाओ महासंग्राम अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी द्वारा वृहद पदयात्रा निकाल कर लोगों को मनरेगा का नाम बदले जाने व इस योजना को खत्म करने के बारे में बताया इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने बताया कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए गए इस अभियान के तहत हम लोगों ने पदयात्रा के माध्यम से भाजपा सरकार की विफलताओं को लोगो को अवगत कराया बताया कि किस प्रकार से भाजपा गरीबों की हितकारी योजनाओं को कैसे समाप्त कर रही है आज भाजपा का ध्यान न महंगाई की तरफ है और न ही बेरोजगारी की तरफ है एक काम में माहिर है जो कि कांग्रेस सरकार में लागू योजनाओं को समाप्त करने व नाम बदलने में .! मनरेगा योजना पदयात्रा कार्यक्रम के प्रभारी प्रदीप मिश्रा अंशुमन ने बताया कि मनरेगा के प्रमुख उद्देश्य गारंटीकृत रोजगारः ग्रामीण अकुशल श्रमिकों को काम का कानूनी अधिकार देना, जिससे उन्हें रोजगार की सुरक्षा मिले।

आजीविका में सुधारः ग्रामीण परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिनों की मजदूरी के माध्यम से आय का सुनिश्चित साधन उपलब्ध कराना। लेकिन इस भाजपा सरकार को गरीबों से नफरत और अमीरों से लगाव है लेकिन यह उचित नहीं है हम गरीबों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लगेंगे महात्मा गांधी जी देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया उन्होंने देश को आजादी दिलाई लेकिन आज भाजपा को महात्मा गांधी के नाम से नफरत है इसी लिए उनके नाम से चल रही योजनाओं को समाप्त कर रही है लेकिन हम कांग्रेसजन महात्मा गांधी जी के सम्मान एवं गरीबों को अधिकार दिलाकर रहेंगे। कांग्रेस पार्टी गरीबों की पार्टी रही है कांग्रेस ने जो कार्य किया उससे देश की भला हुआ आज कांग्रेस की योजनाओं और उसके द्वारा बनाई गई संपत्तियों को भाजपा बेच रही है या तो उसका नाम बदल रही है जिसका प्रमाण मनरेगा योजना है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू हेमंत रावत सहित सैकड़ों आमजन मौजूद रहे।

# डीएम ने कार्यालय विकास खण्ड चायल का किया निरीक्षण

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने कार्यालय विकास खण्ड चायल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान आई.जी.आर.एस. एवं जनशिकायत रजिस्टर के अवलोकन के दौरान निस्तारण आख्या व शिकायतकर्ता से वार्ता अंकित न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए खण्ड विकास अधिकारी एवं ए.डी.ओ. (पं0) से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी से कहा कि प्राथमिकता के आधार पर जनसुवाई किया जाय तथा जनसुनवाई आई.जी.आर.एस. में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण/समयबद्ध किया जाय। जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को आई.जी.आर.एस. में अपलोड किया जाय। उन्होंने कहा कि कार्यालय एवं परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखी जाय तथा अभिलेखों का रख-रखाव भी व्यवस्थित तरीके से किया जाय निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मनरेगा मनोज वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे में दंपति बेटे सहित तीन घायल, महिला की हालत गंभीर



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव के पास हाइवे पर शुक्रवार को सड़क हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है दुर्घटना में घायल महिला की हालत गंभीर बताई जाती है।

प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कौड़ीहार गांव निवासी ओमप्रकाश मौर्या उम्र 40 वर्ष अपनी पत्नी उजाला मौर्या 35 वर्ष और पुत्र युवराज मौर्या 10 वर्ष के साथ बाइक से सैनी की तरफ से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान लगभग साढ़े तीन बजे कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उजाला मौर्या के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही चौकी शाहजादपुर के प्रभारी गणेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को तत्काल सरकारी एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सिराथू भेजवाया,जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक हादसे के बाद हाईवे पर यातायात सुचारू रूप से संचालित होता रहा पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

# जनपद स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता में सिराथू ब्लॉक की टीम ने जमाया कब्जा




**कोखराज कौशांबी।** स्पोर्ट्स स्टेडियम टेवा में 11 फरवरी को जनपद स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता 2025 2026 का आयोजन किया गया इस जनपद स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता में जिले के आठ ब्लॉक की टीमे स्पर्धा में सम्मिलित हुई। कड़ी स्पर्धा के बीच आठ ब्लाकों की टीम को हराते हुए सिराथू ब्लॉक की टीम ने जनपद स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता चैंपियनशिप पर अपना कब्जा जमाया। जनपद स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता में परचम लहराने वाले सिराथू विकासखंड क्षेत्र के बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनका हौसला बढ़ाया गया इस अवसर पर डॉ प्रज्ञा सिंह खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू द्वारा बच्चों के अच्छे भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर राजीव सिंह जिला व्यायाम शिक्षक सचिन कुमार ओझा आलोक कुमार पटेल संघ प्रिया मानस मिश्रा कमला देवी रिंकी देवी आदि उपस्थित रहे।

# पानी भरने गई महिला लाखों का जेवर उठा ले गए पड़ोसी

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा गांव निवासी रेख नारायण पुत्र विजय नारायण विश्वकर्मा की पत्नी गुरुवार की शाम 7:00 बजे घर से बाहर हैंडपंप से पानी भरने गई थी घर का दरवाजा खुला था सूना घर देख करके पड़ोसी उनके घर के अंदर घुस गए और घर के अंदर रखा संदूक का ताला तोड़कर के संदूक के अंदर से सोने का झुमका सोने का मंगलसूत्र चैन पट्टी साढे पांच हजार रुपए नगद उठा ले गए हैं चोरी गए सामान की कीमत दो लाख रुपए से अधिक बताई जाती है सोने चांदी का जेवर और नगर रुपए चोरी करने के बाद चोर मौके से फरार हो गए है जब महिला पानी भरकर वापस घर लौट कर आई तो देखा संदूक का ताला टूटा हुआ था उसके होश उड़ गए जानकारी मिलते ही पूरा परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए घटना किसने अंजाम दिया लोगों को आशंका होने लगी है पीड़ित परिवार द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस घटना के खुलासा में लगी है आशंका जताई जाती है कि इस घटना को पड़ोसियों ने अंजाम दिया है।

# एसपी कार्यालय में थाना प्रभारियों शाखा प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन का आयोजन

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 13 फरवरी को जनपद के समस्त थाना प्रभारियों शाखा प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया सैनिक सम्मेलन में सर्वप्रथम पुलिस कर्मियों द्वारा पूर्व में बताई गई समस्याओं के निस्तारण की समीक्षा की गई। तत्पश्चात उपस्थित पुलिस कर्मियों की वर्तमान समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों के कल्याण,अनुशासन एवं कार्यक्षमता वृद्धि पर विशेष बल दिया गया।

गोष्ठी के दौरान जनपद में घटित अपराधों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं गंभीर अपराधों एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में विशेष रूप से हत्या, लूट, डकैती महिला अपराध,चोरी आदि जघन्य अपराधों के विगत वर्षों के तुलनात्मक आंकड़ों की समीक्षा करते हुए प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की त्वरित गिरफ्तारी ,गैंगस्टर एनएसए आदि के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों एनबीडब्लू का समय से तामिला कराने, जमानत पर रिहा अपराधियों की निगरानी तथा टॉप-10/पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु सतर्क गश्त,संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण एवं जनसंपर्क को प्राथमिकता देते हुए पुलिस की कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

एसपी द्वारा आगामी यौहारों व होने वाले बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त थाना प्राभारियों को निर्देश दिये गये । साथ ही एसपी द्वारा यह भी कहा गया कि वर्तमान में बड़ी घटनाओं पर अधिक ध्यान देते हुये उनका अनावरण किया जा रहा है परन्तु छोटी घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसपर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा नकबजनी, पशु चोरी व वाहन चोरी की घटनाओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज झरोखा

### ब्रेकर से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से भिड़ा बाइक चालक, जख्मी



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा भोला चौराहे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग में बने ब्रेकर से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर तेज रफ्तार बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा जिससे बाइक सवार जख्मी हो गया। घटनाक्रम के मुताबिक हनुमान शास्त्री पुत्र वीरेंद्र शास्त्री निवासी देहरादून बनारस के एक विद्यालय में योगा टीचर है। शुक्रवार की भोर योगा टीचर हनुमान शास्त्री जावा रेसर बाइक से कानपुर किसी रिश्तेदार से मिलने जा रहा था ज्योंहि भोर 4.35 वह अझुवा कस्बे पहुंचा हाइवे में बने ब्रेकर से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया इस टक्कर से उसका मोबाइल गिर गया और चालक उछल कर करीब 50 मीटर दूर गिरा,बाइक क्षतिग्रस्त हो गई चालक जख्मी हो गया ।मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई लोगों ने कहा बाइक चालक भाग्यशाली था जिस तरह दुर्घटना के बाद बाइक घिसटी थी युवक दूर गिरा था यदि उसी वक्त दूसरे लेन से कोई वाहन गुजरता तो बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता था,उछलकर गिरने के दौरान किसी चोर ने बाइक सवार का मोबाइल चोरी कर लिया मौके पर पहुंची चौकी पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है और घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

### परेड सलामी के बाद एसपी ने आरटीसी बैरिकों विभिन्न शाखाओं,मेस,लाइन परिसर का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन्स में परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर दौड़ लगवाई गई।परेड सलामी के बाद एसपी ने आरटीसी बैरिकों,विभिन्न शाखाओं,मेस,लाइन परिसर आदि का निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई हेतु एवं अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड की सलामी के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित मेस में भोजन की गुणवत्ता, आरटीसी बैरक प्रशिक्षण कक्ष, विभिन्न शाखाएँ, प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय एवं पुलिस बैरकों का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने उदयन सभागार में आयोजित जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम उद्यमी युवा योजना के अन्तर्गत विभिन्न बैंकों में लम्बित ऋण आवेदनों की बैंकवार समीक्षा के दौरान बैंकर्स को लम्बित ऋण आवेदनों का निस्तारण माह-फरवरी तक करने के निर्देश दिए। उन्हांने एम.ओ.यू. दाखिल निवेशकों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिएबैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 1580 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 1371 प्रकरण निस्तारित हो चुके है तथा 28 प्रकरण विभिन्न विभाग के स्तर पर लम्बित है, जिसमें-कृषि विभाग-20, श्रम विभाग 01, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-05, विद्युत विभाग-01, अग्निशमन विभाग-01 एवं ग्राउण्ड वाटर-01 हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लम्बित प्रकरण समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश दिए बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा उद्यमीगण-रमेश अग्रहरि, प्रवेश केसरवानी आदि उपस्थित रहें।

### पैदल जा रहे अधेड़ को बाइक ने मारी टक्कर मौत

**कड़ा कौशांबी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सौराई बुजुर्ग भोला चौराहा के मौनी बाबा कुटी के पास गुरुवार की शाम खेत से लौट रहे किसान को बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार और किसान दोनों सड़क पर गिर पड़े हैं इलाज के लिए दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन किसान की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक राम भवन उम्र 55 वर्ष पुत्र राम बहादुर गुरुवार की शाम को खेत से सिंचाई करके वापस घर लौट रहे थे जैसे ही अधेड़ भोला चौराहा के मौनी बाबा कुटी के पास पहुंचे अधेड़ सड़क क्रॉस कर रहे थे इसी बीच बाइक सवार ने अधेड़ को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार और अधेड़ किसान दोनों सड़क पर गिर पड़े और दोनों गंभीर घायल हो गए घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है अस्पताल पहुंचते पहुंचते राम भवन की मौत हो गई है बाइक सवार की हालत गंभीर बनाई जाती है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

### मुख्य विकास अधिकारी ने की व्यापार बन्धु समिति की बैठक

**कौशांबी।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने उदयन सभागार में आयोजित जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में ओसा मण्डी परिसर के अन्दर तौल के लिए धर्मकांटा लगवाये जाने की मांग पर बताया गया कि धर्मकांटा लगाए जाने के लिए स्वीकृति प्राप्त हो गई है। बैठक में नगर पंचायत सराय अकिल के मुक्तिधाम में समर सेबल लगने की मांग पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि समरसेबल लगाने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। बैठक में जनपद के बसों के रूट व समय-सारिणी के प्रकाशन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि बसों के रूट व समय-सारिणी का प्रकाशन करा दिया गया है।बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा उद्यमीगण-रमेश अग्रहरि,प्रवेश केसरवानी आदि उपस्थित रहें।

### चोरी के अभियुक्त को जनता ने पकड़ कर सैनी पुलिस को दिया पुलिस ने भेजा जेल

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के चक जमीन महजूबा काजीपुर निवासी मनीष कुमार पुत्र चन्दन सरोज के घर के सामने डीजे की दुकान मे रखे डीजे साउण्ड सिस्टम की मशीन को चोरी कर ले जाते समय उसकी नीद खुल गयी,शोर मचाने पर घर के सदस्यों द्वारा घेरकर एक चोर को पकड़ लिया गया तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 43/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में थाना सैनी पुलिस ने अभियुक्त मोनू सोनकर पुत्र मुन्ना सोनकर निवासी ग्राम धारूपुर थाना सैनी को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

### थाना कोखराज पुलिस ने चोरी लूट की घटनाओं से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबी।** थाना कोखराज क्षेत्र में अलग-अलग तिथियों में चोरी/लूट की घटनाए हुयी थी जिनका अनावरण करते हुये प्रकाश में आये कई अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश दी जा रही थी । इसी क्रम में दिनांक 13.02.2026 को थाना कोखराज पुलिस ने चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कल्लू उर्फ मंजेय पासी उर्फ राहुल पुत्र बद्री प्रसाद निवासी ग्राम चिटकहना थाना संदीपनघाट को चकमाहपुर पाण्डेयमऊ तिराहे के पास से गिरफ्तार किया अभियुक्त के कब्जे से चोरी का समान बेचकर अर्जित किये गये पैसे में से बचे हुये 1280 रू0 बरामद किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हमने अपने साथी रोहित पासी व उसके साथी के साथ मिलकर लगभग छः माह पूर्व थाना कोखराज के पीछे एक घर से पैसे व जेवरात की लूट की थी और मैने अपने साथी साकिब, राजकुमार व हसन के साथ मिलकर मधुवन तिराहा भरवारी के पास लगभग 03 माह पूर्व रात्रि को ई-रिक्सा से बैटरी चोरी की गयी थी तथा लगभग 02 माह पूर्व रात्रि को ई-रिक्सा को उसी जगह से चोरी की थी तथा चोरी किये गये ई-रिक्सा की बैटरी को हम लोगों ने किसी आने जाने वाले अज्ञात राहागीर को बेच दिया था व बेचे हुए पैसों में से मेरे हिस्से में पांच हजार रुपए आया था सब पैसे खर्च हो गये है ये जो पैसे मेरे पास है वह चोरी व लूट से सम्बन्धित है और जो ई-रिक्शा की चोरी की थी वह मेरे साथियों के पास था तथा पूछने पर बताया कि जो मेरे साथ चोरी व लूट में थे वह लोग थाना कोखराज से जेल चले गये हैं।

### जनसुनवाई के साथ-साथ ऑनलाइन संवाद कर समस्याओं का एसपी ने किया निस्तारण



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आमजन के समस्याओं की जनसुनवाई की गई। इस दौरान आमजन की शिकायतों समस्याओं को एसपी ने सुना एवं उनकी शिकायतों समस्याओं के त्वरित, विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की समस्याओं के संबंध में संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों से ऑनलाइन संवाद स्थापित कर आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## सम्पादकीय

## देश की सुरक्षा और सच-झूठ की परीक्षा

**पूर्व** सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' पर सियासी घमासान अब सच और झूठ की परीक्षा में तब्दील हो चुका है। एक तरफ सरकार का दावा है कि यह किताब प्रकाशित ही नहीं हुई है। दूसरी तरफ राहुल गांधी इस किताब की प्रति पिछले हफ्ते ही संसद में लेकर आ गए थे और उन्होंने कहा था कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह किताब देंगे, ताकि वे खुद उन बातों और तथ्यों को पढ़ सकें, जिन्हें लोकसभा में पढ़ने से राहुल गांधी को रोका गया। लेकिन नरेन्द्र मोदी इसके बाद लोकसभा में पहुंचे ही नहीं और न ही राहुल गांधी से उनका सामना हुआ। हालांकि यह एक अच्छा मौका नरेन्द्र मोदी के पास था, जब वे एक साथ अपनी देशभक्ति, बहादुरी और 56 इंची सीने की सच्चाई देश-दुनिया को दिखा देते। राहुल गांधी का कहना है कि नरेन्द्र मोदी एक किताब से डर गए, क्योंकि इसमें चीन के घुसपैठिया अभियान की हकीकत बयां की गई है। श्री मोदी चाहते तो राहुल गांधी से ये किताब लेकर साबित कर देते कि वे डरे हुए नहीं हैं और जो कुछ उस किताब में लिखा है उसे भी पढ़ लेते। अगर कुछ गलत लिखा है तो उसकी सच्चाई बता देते, इससे उनका ही हाथ ऊंचा होता। लेकिन बजाए इतना सीधा सा काम करने के, अब इस मामले को कानूनी पचड़े में उलझा दिया गया है।

अब पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब की सॉफ्ट कॉपी के ऑनलाइन प्रसारित होने पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है, 'हमने सोशल मीडिया और न्यूज प्लेटफॉर्म पर जानकारी मिलने पर जांच शुरू की। किताब पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा तैयार की गई लगती है, लेकिन मंजूरी नहीं मिलने से यह अभी अप्रकाशित है। स्पेशल सेल में एफआईआर दर्ज की गई है और जांच चल रही है। गौरतलब है कि किताब में जनरल नरवणे ने लिखा है कि 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ टकराव के दौरान जब उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल और अन्य नेताओं को जानकारी दी कि, 'चीनी टैंक आ रहे हैं', तो लंबे समय तक कोई सीधा जवाब नहीं मिला। करीब ढाई घंटे बाद प्रधानमंत्री मोदी का संदेश आया- 'जो उचित समझो, वो करो'। राहुल गांधी इसी पर सरकार से जवाब चाह रहे हैं। हालांकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा, 'मुझे यक ीन है कि यह किताब कभी प्रकाशित नहीं हुई।' उन्होंने राहुल गांधी से कहा, 'जो किताब का दावा कर रहे हैं, उसे सदन में पेश करें, हम देखना चाहते हैं।' सरकार द्वारा ऐसी किसी किताब के छपे होने के दावे को खारिज किए जाने के बाद राहुल गांधी ने 4 फरवरी को संसद परिसर में किताब की प्रकाशित प्रति दिखाई और पत्रकारों से कहा, 'देखिए, किताब है, सरकार कह रही है कि किताब नहीं है।'

बता दें कि 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' जनरल एमएम नरवणे की आत्मकथा है। जनरल नरवणे दिसंबर 2019 से अप्रैल 2022 तक सेना प्रमुख रहे। किताब में उनकी 40 साल की सेवा, सिक्किम में चीन से पहला आमना-सामना, गलवान संघर्ष, पाकिस्तान के साथ सीजफायर आदि का ड्रिक्र है।

# डिजिटल क्रांति पर साइबर प्रहार गंभीर चुनौती

-: ललित गर्ग:-

**डिजिटल** युग ने भारत की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन सेवाओं ने लेन-देन को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाया है। आज एक सामान्य नागरिक भी कुछ सेकंड में देश के किसी भी कोने में धन भेज सकता है, बिल जमा कर सकता है या निवेश कर सकता है। यही डिजिटल क्रांति ह्यनए भारतह्न और ह्यविकसित भारतह्न की आधारशिला मानी जा रही है। किंतु इसी क्रांति के साथ एक गहरी विडंबना भी उभरकर सामने आई है- डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर लूट की भयावह बढ़ोतरी। हजारों करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की घटनाएँ न केवल आमजन को आर्थिक रूप से आहत कर रही हैं, बल्कि देश की आर्थिक सुरक्षा और वित्तीय प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही हैं।

डिजिटल व्यवस्था की मूल आत्मा ह्यविश्वासह्न है। जब कोई व्यक्ति मोबाइल स्क्रीन पर उभरे एक क्यूआर कोड को स्कैन करता है या किसी लिंक पर क्लिक करता है, तो वह केवल तकनीक पर ही नहीं, बल्कि उस संपूर्ण तंत्र पर भरोसा करता है जो उसे सुरक्षित लेन-देन का आश्वासन देता है। किंतु जब यही विश्वास ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, निवेश घोटालों और पहचान चोरी के कारण टूटने लगता है, तब डिजिटल विकास की पूरी अवधारणा कमजोर पड़ने लगती है। यदि बैंकिंग व्यवस्था में नकली नोटों की भरमार हो जाए तो मुद्रा पर विश्वास डगमगा जाता है, उसी प्रकार यदि डिजिटल लेन-देन में ठगी सामान्य अनुभव बन जाए, तो नागरिक डिजिटल माध्यमों से दूरी बनाने लगते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत हानि का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक ढांचे के लिए भी खतरे की घंटी है। परंपरागत अपराधों और डिजिटल अपराधों की तुलना करें तो दोनों के स्वरूप और प्रभाव में महत्वपूर्ण अंतर दिखाई देता है। पहले चोरी या डकैती किसी सीमित भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित होती थी, अपराधी की पहचान अपेक्षाकृत स्पष्ट होती थी और जांच प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर संचालित होती थी। डिजिटल अपराधों में अपराधी अदृश्य है, वह किसी दूसरे राज्य या देश में बैठकर वारदात कर सकता है, और कुछ मिनटों में सैकड़ों लोगों को निशाना बना सकता है। पारंपरिक अपराध में जोखिम अपराधी के लिए अधिक था, डिजिटल अपराध में जोखिम कम और लाभ अधिक है। यही असंतुलन इसे अत्यंत खतरनाक बनाता है।

एक अन्य तुलनात्मक पक्ष यह है कि डिजिटल अपराधों में पीड़ित की मनोवैज्ञानिक स्थिति भी अलग होती है। ठगी का शिकार व्यक्ति स्वयं को अपराधी के सामने असहाय पाता है। पुलिस और साइबर क्राइम कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी जब उसे तकनीकी कारणों का हवाला देकर लौटा दिया जाता है, तो उसके भीतर व्यवस्था के प्रति गहरा अविश्वास जन्म लेता है। कई मामलों में यह देखा गया है कि शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया जटिल है, समुचित मार्गदर्शन नहीं मिलता, और समय पर कार्रवाई न होने से धन की रिकवरी असंभव हो जाती है। इससे यह धारणा बनती है कि डिजिटल अपराध का कोई वास्तविक दंड नहीं है। सरकार और न्यायपालिका ने समय-समय पर इस समस्या की गंभीरता को स्वीकार किया है। शीर्ष अदालत द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर देखना इस बात का संकेत है कि यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक आक्रमण भी हो सकता है। किंतु नीति-निर्माण और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बनी हुई है। अनेक प्लेटफार्म और हेल्पलाइन स्थापित किए गए हैं, परंतु उनकी कार्यप्रणाली में त्वरित प्रतिक्रिया, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कमी स्पष्ट दिखती है। यदि शिकायत के बाद प्रारंभिक ह्लगोल्डन ऑवरह्न में ही बैंक खाते फ्रीज करने और ट्रांजैक्शन ट्रैक करने की प्रभावी व्यवस्था न हो, तो बाद की प्रक्रिया औपचारिकता बनकर रह जाती है।



वित्तीय प्रणाली की दृष्टि से देखें तो डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना निवेश, उपभोग और बैंकिंग व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यदि आमजन को यह आशंका सताने लगे कि ऑनलाइन निवेश योजनाएँ या भुगतान सुरक्षित नहीं हैं, तो वह नकद लेन-देन की ओर लौट सकता है। यह प्रवृत्ति सरकार की कैशलेस अर्थव्यवस्था की नीति को कमजोर करेगी। इसके अतिरिक्त, विदेशी निवेशकों के लिए भी यह संकेत नकारात्मक हो सकता है कि साइबर सुरक्षा का ढांचा पर्याप्त सुदृढ़ नहीं है। अतः यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक नीति का भी केंद्रीय प्रश्न है। समाधान के स्तर पर तुलनात्मक रूप से देखें तो विकसित देशों ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के दायरे में रखा है। वहाँ विशेषीकृत एजेंसियाँ, उच्च प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ, त्वरित डेटा साझा करने की प्रणाली और सख्त दंडात्मक प्रावधान हैं। भारत में भी साइबर क्राइम ब्यूरो और डिजिटल सुरक्षा तंत्र मौजूद हैं, परंतु उनकी क्षमता, संसाधन और प्रशिक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। स्थानीय पुलिस बल को केवल पारंपरिक अपराधों की नहीं, बल्कि डिजिटल फॉरेंसिक, ब्लॉकचेन ट्रैकिंग और डेटा विश्लेषण की भी विशेषज्ञता दी जानी चाहिए। जब तक जांच एजेंसियाँ तकनीकी रूप से अपराधियों से एक कदम आगे नहीं होंगी, तब तक रोकथाम कठिन रहेगी।

एक महत्वपूर्ण पक्ष नागरिक जागरूकता का भी है। तकनीक जितनी उन्नत होती है, अपराधी भी उतने ही नए तरीके अपनाते हैं। अतः केवल सरकारी तंत्र पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता अभियान चलाना आवश्यक है, ताकि लोग संदिग्ध लिंक, कॉल और निवेश प्रस्तावों से सावधान रहें। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि जागरूकता का दायित्व पीड़ित पर डालकर व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। सुरक्षा का मूल दायित्व तंत्र का है, नागरिक का नहीं। भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस समस्या को जटिल बनाते हैं। यदि बैंक या भुगतान प्लेटफार्म समय पर कार्रवाई नहीं करते, या आंतरिक मिलीभगत से फर्जी खाते संचालित होते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत विफलता है। इसलिए पारदर्शी ऑडिट प्रणाली, जवाबदेही और कठोर दंड अनिवार्य हैं। डिजिटल प्लेटफार्मों की केवाईसी प्रक्रिया को अधिक कठोर और वास्तविक बनाना होगा, ताकि फर्जी पहचान के माध्यम से खाते खोलना कठिन हो।

अंततः डिजिटल क्रांति का उद्देश्य सुविधा, पारदर्शिता और समृद्धि है। यदि यही क्रांति भय, असुरक्षा और अविश्वास का कारण बनने लगे, तो उसका नैतिक औचित्य कमजोर पड़ जाएगा। भारत जैसे विशाल देश में डिजिटल परिवर्तन को रोकना संभव नहीं, और न ही यह वांछनीय है। किंतु इसे सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना अनिवार्य है। सरकार को नीति, तकनीक और प्रशासन-तीनों स्तरों पर समन्वित रणनीति अपनानी होगी। साइबर अपराध के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों को समयबद्ध राहत, जांच एजेंसियों का सशक्तीकरण और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही-ये सब मिलकर ही धोखाधड़ी मुक्त डिजिटल परिवेश का निर्माण कर सकते हैं। डिजिटल भारत की सफलता केवल ऐप्स और आंकड़ों से नहीं, बल्कि उस विश्वास से मापी जाएगी जो नागरिक अपने मोबाइल स्क्रीन पर उभरते हर ट्रांजैक्शन संदेश के साथ महसूस करता है। यदि यह विश्वास सुरक्षित रहा, तो डिजिटल क्रांति राष्ट्र को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगीय यदि यह टूट गया, तो समृद्धि का सपना भी अधूरा रह जाएगा। अतः समय की मांग है कि डिजिटल धोखाधड़ी को एक राष्ट्रीय चुनौती मानकर उसके समाधान की दिशा में ठोस, निर्णायक और पारदर्शी कदम उठाए जाएँ, ताकि विकसित भारत की आधारशिला मजबूत और अडिग रह सके।

# मोदी-शाह के दौरों के बावजूद भगवा पार्टी का मनोबल अधिक मजबूत नहीं हुआ

– तीर्थंकर मित्रा

**भगवा** खेमे का हिंदू वोटों का समीकरण सही नहीं है। हो सकता है कि समुदाय सत्ताधारी सरकार से खुश न हो, लेकिन इसके भाजपा को एक साथ वोट देने की उम्मीद कम है। हालांकि विपक्ष के नेता, शुभेंदु अधिकारी अब तक के सबसे लोकप्रिय और दिखने वाले भाजपा नेता हैं, लेकिन उनके अपने खेमे में भी उनके विरोधी हैं।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को हराने की बात कहना भाजपा के लिए जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है, भले ही भाजपा नेता इस साल अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद सरकार बनाने की बात कर रहे हों। पूरी कोशिश करने के बावजूद लगातार लोकसभा और विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने में नाकाम रहने के बाद, भगवा पार्टी की 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतने की उम्मीदें सत्ता विरोधी भावना, पूरे बंगाल में हिंदू एकजुटता, और टीएमसी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाली कहानी पर टिकी हैं। इन मुद्दों के आधार पर, इस चुनावी राज्य में भाजपा का प्रचार टीएमसी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करिश्मे और उनकी सरकार के उन लोकप्रिय परियोजनाओं के खिलाफ होगा, जिनसे उन्हें चुनावी फायदा हुआ था। टीएमसी के इन चुनावी प्लेटफॉर्म से पार पाना भगवा खेमे के लिए अब तक की सबसे मुश्किल चुनावी परीक्षा होगी।



टीएमसी नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाना भाजपा के लिए सबसे अच्छा दांव लगता है क्योंकि वह चुनाव प्रचार शुरू करने वाली है। रुपये के बदले नौकरी देने का आरोप और टीएमसी के पूर्व महासचिव और शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय के साथी के घर से मिले नकदी के बंडल और आरजीकार मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल की एक लेडी डॉक्टर के बलात्कार और उसकी हत्या ने टीएमसी नेतृत्व को मुश्किल में डाल दिया है।

इसके साथ ही, भगवा खेमे की नजर सत्ताविरोधी कारक और हिंदू वोटों के एकजुट होने पर है। सत्ताविरोधी कारक इसलिए बेअसर है क्योंकि राज्य के भगवा खेमे के पास ऐसा कोई नेता नहीं है जिसे मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर पेश किया जा सके।

भगवा खेमे का हिंदू वोटों का समीकरण सही नहीं है। हो सकता है कि समुदाय सत्ताधारी सरकार से खुश न हो, लेकिन इसके भाजपा को एक साथ वोट देने की उम्मीद कम है। हालांकि विपक्ष के नेता, शुभेंदु अधिकारी अब तक के सबसे लोकप्रिय और दिखने वाले भाजपा नेता हैं, लेकिन उनके अपने खेमे में भी उनके विरोधी हैं। राज्य के कई वरिष्ठ नेताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व को बताया है कि वे तब से भाजपा में हैं जब शुभेंदु तृणमूल में थे और ममता बनर्जी के खास सिपहसालार थे।

इसके अलावा, टीएमसी संगठन के मामले में भाजपा से बहुत आगे है। तृणमूल के सांगठनिक नेटवर्क ने पार्टी को संभाला, भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले भी राज्य में आए हों और चुनावी माहौल को और गरमाया हो।

हालात ऐसे हो गए हैं कि भगवा खेमा अपनी सांगठनिक कमजोरी को ठीक करने के लिए राज्य से किसी नेता को नहीं ला सका। इसने पिछले सितंबर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को प्रभारी चुना और उन्हें पार्टी को चुनाव के लिए तैयार करने का काम सौंपा।

केंद्रीय नेतृत्व के इस आदमी ने पार्टी के जमीनी नेटवर्क को मजबूत करना शुरू कर दिया। लेकिन राज्य के भगवा खेमे के सूत्रों ने बताया कि यादव को उन्हें दिए गए काम के लिए समय काफी नहीं लगा।

सूत्रों ने बताया कि राज्य भाजपा के पास बूथ लेवल के इतने कार्यकर्ता नहीं हैं जिनकी मौजूदगी या गैरमौजूदगी मतदान के दिन किसी उम्मीदवार की जीत या हार तय कर सके। अगर ये कार्यकर्ता 2021 के विधानसभा चुनाव में मतदान के दिन बाहर रहते तो भगवा खेमे में विधायकों की संख्या और ज्यादा होती। इस बीच, तृणमूल प्रमुख अपनी 2021 की रणनीति को जारी रखते हुए भाजपा कार्यकताओं और नेताओं को 'बाहरीइ कहती रही हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) की पृष्ठभूमि में, पश्चिम बंगाल में चुनाव के समय कोई भी 'बाहरी' का टैग नहीं लगवाना चाहता।

गुमशुदा लोगों ने पहले ही भाजपा के विधायकों की संख्या कम कर दी है। ममता बनर्जी का करिश्मा और टीएमसी की लगातार तीन जीत आने वाले चुनावों में भगवा खेमे के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने के लिए बहुत से लोगों को उत्सुक नहीं करेंगी।

एसआईआर को लेकर चिंता और मतुआ समुदाय में भाजपा नेतृत्व में फूट आने से आने वाले चुनाव में भाजपा को भारी नुकसान हो सकता है। भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर और उनके भाई, भाजपा विधायक सुब्रत ठाकुर के बीच सार्वजनिक रूप से झगड़ा हुआ है।

मतुआ पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में फैला एक दलित धार्मिक ग्रुप है, जिसके भारी समर्थन की वजह से 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को शानदार नतीजे मिले थे। वे भगवा खेमे और उसके कार्यनिष्पादन की मजबूती रहे हैं, हालांकि इस बात पर शक है कि इसे दोहराया जा सकेगा।

भगवा खेमे के लोकप्रिय नेता बहुत ज्यादा अगर-मगर पर निर्भर लग रहे हैं। राज्य भाजपा के कुछ बड़े नेताओं को लगता है कि कई मुस्लिम ग्रुप टीएमसी की नाकामी से नाखुश हैं, जो उन्हें अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) की लिस्ट से बाहर होने से नहीं रोक पाई, इस बार भाजपा को वोट देंगे।

लेकिन इस सोच के चक्कर में, इन नेताओं ने अल्पसंख्यक समुदाय के कई वर्गों को 'बाहरी' और 'घुसपैठिए' बताने की अपनी ही बात को नजरंदाज कर दिया है। अगर ये अल्पसंख्यक वर्ग के एक विशेष खेमे के लोग अपनी राजनीतिक निष्ठा बदल भी लेते हैं, तो भगवा खेमा आखिरी पार्टी होगी जिसे वे वोट देंगे।

इन अल्पसंख्यक खेमों को वर्तमान में चल रही एसआईआर अभियान के दौरान वोटर लिस्ट से बाहर होने का डर है। भाजपा के साथ अपने पिछले अनुभव को देखते हुए, उन्हें लगता है कि भगवा पार्टी के सत्ता में आने के बाद उन्हें कम अहमियत मिलेगी।

एसआईआर अभ्यास के दौरान पश्चिम बंगाल के लोगों को परेशान करने के आरोप लगाने के बाद टीएमसी प्रमुख पर नाटक करने का आरोप लगा है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय में राज्य की जनता के हित में उनकी बहस ने उनके मतदाताओं के लिए एक संदेश दिया है, जो शायद उनके मतदान करने के तरीके में दिखेगा। महिलाओं की भलाई की योजनाओं में खर्च बढ़ाने के बाद ममता बनर्जी सरकार का संदेश सहयोग देने का है। महिलाओं पर केंद्रित नकद लाभ देने की योजना में बढ़ोतरी पाने वाली महिला मतदाताओं के अपने हितैषी टीएमसी के खिलाफ वोट करने की संभावना कम है। यह बात भाजपा नेता भी अकेले में मानते हैं। भाजपा आलाकमान पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची पर विचारण कर रहा है। आखिरी तस्वीर इस महीने के आखिरी हफ्ते में ही सामने आएगी। एक बार उम्मीदवारों के नाम आधिकारिक तौर पर घोषित हो जाने के बाद भाजपा पूरे जोर-शोर से चुनाव प्रचार शुरू कर देगी।

## नाम बदलकर शादी करती थी लुटेरी दुल्हन

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । पूर्वांचल** एक्सप्रेस-वे पर शादी का झांसा देकर वसूली करने वाले गिरोह का धनपतगंज पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जेवरात व नकदी बरामद की है।राजस्थान के करौली निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने बेटे की शादी के लिए देवरिया गया था।विवाह के बाद 10 फरवरी की शाम करीब आठ बजे माइलस्टोन 110 स्थित कैंटीन के पास वाहन रुकवाकर 64 हजार रुपये की मांग की गई। आरोप है कि रकम न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने और



जान से मारने की धमकी दी गई।भयवश सात हजार रुपये मौके पर दे दिए गए।

बाद में पीड़ित ने धनपतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देश पर गठित टीम ने बेनीपुर अंडरपास के पास से सुनील कुमार,मुस्कान उर्फ सुमन उर्फ प्रियंका,शशि भारती और रानी निशा को गिरफ्तार कर लिया।सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि आरोपितों के कब्जे से दो पायल,चार बिछिया,एक मंगलसूत्र, एक लाकेट और 19,500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

## टीईटी अनिवार्यता पर शिक्षकों का विरोध तेज, सुल्तानपुर में पुतला दहन

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर। टीईटी** अनिवार्यता के मुद्दे पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का विरोध मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। स्थानीय तिकोनिया पार्क में शिक्षकों ने सरकार के कथित दोहरे मापदंड के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस और शिक्षक नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई तथा धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनी।प्रदर्शन के दौरान नगर कोतवाल संदीप राय व पुलिस बल ने पुतला छीनने का प्रयास किया, लेकिन शिक्षकों ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी का पुतला जला दिया। बाद में पुलिस टीम ने पुतला बुझाकर अपने कब्जे में ले लिया।



आक्रोशित शिक्षकों ने ह्लटीईटी वापस लोह्न और ह्लमुंह पर इज्जत, पीठ पर वार–यह कैसा दोहरा व्यवहारह्न जैसे नारे लगाए।संघ के जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता को लेकर सरकार के साथ हुई वार्ता और संसद में दिए गए उत्तर में विरोधाभास है, जिससे शिक्षकों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि जब नियुक्ति के समय शिक्षकों ने सभी मानदंड और अर्हताएं पूरी की थीं, तो 20-30 वर्ष बाद नई नीति लागू करना लाखों परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा करना है।प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर सरकार के विरोध में सांकेतिक पुतला दहन किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक एकत्रित हुए।

## अखण्डनगर पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्त किया गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर। थाना** अखण्डनगर पुलिस टीम ने अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कादीपुर के नेतृत्व में की गई। दिनांक 12 फरवरी 2026 को पुलिस टीम ने ग्राम दसऊपुर थाना अखण्डनगर में दबिश देकर बैतुल्लाह पुत्र अब्दुल गफ्फार (उम्र करीब 80 वर्ष) और जुबेर पुत्र हकीम (उम्र करीब 35 वर्ष) को गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनबीडब्ल्यू वारंट जारी था, जो गोवध निवारण अधिनियम से संबंधित मुकदमे में वांछित थे। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय सुलतानपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हैदर अली एवं हेड कांस्टेबल कमलसेन शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि आगे भी फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी रहेगा।

# मनरेगा में बदलाव कर मजदूरों को कमजोर कर रही है सरकार : विजयमणि

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** जिला कॉंग्रेस समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा निकाली। यह पद यात्रा कचहरी पार्क से ओवर ब्रिज, धनुष चैराहा, पटेल तिराहा होते हुए सदर तहसील पहुंची, जहां कॉंग्रेसियों ने धरना-प्रदर्शन कर सभा आयोजित की।

सभा में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि वर्तमान सरकार संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, लेकिन कॉंग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता आम जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहेगा। कहा कि वर्ष 2005 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा महात्मा गांधी के नाम से शुरू किए गए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में वर्तमान सरकार द्वारा बदलाव कर मजदूरों के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है, जिसे कौंग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। जिला समन्वयक आदित्य स्वरूप पाण्डेय ने कहा कि कौंग्रेस हमेशा आम जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पाण्डेय ने कहा कि कौंग्रेस शासन में मनरेगा कानूनी गारंटी थी, जबकि अब काम मिलने की कोई सुनिश्चितता नहीं है। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि मनरेगा योजना में केंद्र और राज्य के बीच धनराशि का अनुपात पहले 90:10 था, जिसे बदलकर 60:40 कर दिया गया है, जिससे मजदूरों को मिलने वाले कार्य पर प्रभाव पड़ा है।

इस मौके पर जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, शिव गुलाम वर्मा, कालीचरण राजपूत, कामता प्रसाद द्विवेदी, सविता पाल, नीतू देवी, कुंवर पाल सिंह, चंद्रशेखर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जग जाहिर सिंह पटेल, रामकृपाल वर्मा, अतुल राजपूत, शिव शंकर खंगार, जिला सचिव राजेश सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष रावेंद्र सिंह, फौजी सेल अध्यक्ष कामता प्रसाद विश्वकर्मा, राजाराम फौजी, जिला सचिव हरिहर सहाय विश्वकर्मा, मोहन सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, जितेंद्र सिंह सोलंकी, बुद्ध विलास पटेल, रामनरेश पटेल, मनधीर कुमार वर्मा, उपेंद्र द्विवेदी, नरोत्तम द्विवेदी, भैया लाल वर्मा, फूलदीन, रीता देवी, भानु प्रताप पटेल, मुकुंदी लाल, भूरा प्रजापति, रामनाथ कोल, सखिया देवी, गया प्रसाद कुशवाहा, राजकुमारी, कमला देवी, शिव विलास पटेल, चंद्रकाली, दिलीप यादव, रामबाबू, हरिश्चंद्र, धीरज यादव, छोटेलाल, विष्णु, अर्पित पाण्डेय, बच्चा प्रजापति, नीरज द्विवेदी, दादू लाल, बजरंगी वर्मा, रामप्यारी, जग्गा, कलावती, कृष्णराज आदि मौजूद रहे।

# विषय के साथ व्यवहारिक ज्ञान में पारंगत युवाओं को मिलती है सफलता



**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में ब्रिजिंग द गैप बिटविन एकैडमिक एंड इंडस्ट्री विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों को कारपोरेट जगत की चुनौतियों की जानकारी देते हुए उनसे निपटने के तरीकों की जानकारी दी गई।

व्याख्यान में टेक्स्ट्रॉन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के ऑपरेशन हेड तुमुल जायसवाल ने प्रबंधन विज्ञान के विद्यार्थियों को भविष्य में कारपोरेट सेक्टर में होने वाली चुनौतियों और उसकी तैयारी के विषय में जानकारी दी। उन्होंने आगामी समय में कारपोरेट जगत में होने वाले परिवर्तनों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को स्किल डेवलपमेंट के तरीके बताएं। साथ ही इंटरव्यू देने, बायोडाटा अपडेट रखने और निरंतर नई तकनीकों को सीखने के लिए प्रेरित किया। संयोजक प्रबंधन विभाग प्रभारी डॉ रवि प्रकाश शुक्ल ने विद्यार्थियों को विषय ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान और उस विषय में होने वाले परिवर्तनों और आने वाले समय की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वयं में परिवर्तन लाने की सलाह दी। कहा कि नए ज्ञान का संवर्धन कर समाज और देश में प्रगति लाना ही सभी का उद्देश्य होना चाहिए। कुलपति शिशिर कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को हमेशा नए ज्ञान को सीखने के लिए प्रेरित किया। कुल सचिव ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में व्याख्यान मालाएं आयोजित होती रहेंगी। इस मौके पर प्रबंधन विभाग के डॉ दिलीप कुमार, भविष्या माथुर, विनीत पांडेय ने आभार व्यक्त किया।

# चित्रकूट सहित 45 जिलों में 16 फरवरी से शुरू होगा एमआर टीकाकरण अभियान

**चित्रकूट।** खसरा एवं रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों के उन्मूलन के लिए प्रदेश में 16 से 27 फरवरी तक विशेष एमआर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत जनपद चित्रकूट सहित प्रदेश के 45 जिलों में 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन की एक डोज लगाई जाएगी। अभियान का उद्देश्य खसरा एवं रूबेला रोग को जड़ से समाप्त करना है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि यह निर्णय राज्य स्तर पर स्टेट टास्क फोर्स की बैठक में मीजिल्स-रुबेला मामलों की समीक्षा के बाद लिया गया है। जनपद चित्रकूट में यह अभियान नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत संचालित किया जाएगा। जिसके तहत सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं मदरसों में कक्षा 1 से 5 तक अध्ययनरत बच्चों को एमआर वैक्सीन से आच्छादित किया जाएगा। एमआर अभियान के तहत खसरा एवं रूबेला/कंजेनाइटल रूबेला सिंड्रोम को

**5 से 10 वर्ष के बच्चों को लगेगी वैक्सीन**

दिसंबर 2026 तक समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एमआर वैक्सीन के माध्यम से इन बीमारियों से पूर्ण सुरक्षा संभव है और यह टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार मीजिल्स (खसरा) अत्यधिक संक्रामक रोग है, जबकि रूबेला के संक्रमण से गर्भपात, जन्मजात विकलांगता, मृत प्रसव तथा नवजात शिशुओं में आंखों एवं मानसिक विकास संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। अभियान के सफल संचालन के लिए जनपद स्तर पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। साथ ही ब्लॉक स्तरीय समन्वय बैठकें, मीडिया अभिमुखीकरण एवं स्कूलों में सत्र संचालन के लिए माइक्रोप्लान तैयार किए गए हैं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की एएनएम अपने क्षेत्रों के विद्यालयों एवं मदरसों में टीकाकरण सत्र आयोजित करेंगी। प्रत्येक सत्र में एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रत्येक एएनएम को प्रतिदिन 100 से 126 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या अधिक होगी, वहां अतिरिक्त सत्र आयोजित किए जाएंगे। अभियान के लिए आवश्यक वैक्सीन, ऑटो-डिसेबल सिरिंज, एनाफाइलेक्सिस किट एवं अन्य लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। सत्र स्थलों तक वैक्सीन पहुंचाने के लिए ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध वाहनों का उपयोग किया जाएगा। सभी सत्रों की योजना एवं रिपोर्टिंग यू-विन पोर्टल पर की जाएगी तथा प्रतिदिन समीक्षा बैठक कर प्रगति की निगरानी की जाएगी। सीएमओ ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को निर्धारित तिथि पर विद्यालय भेजकर एमआर वैक्सीन अवश्य लगवाएं, ताकि खसरा एवं रूबेला जैसी बीमारियों से बच्चों को सुरक्षित रखा जा सके।

# राष्ट्रीय रामायण मेले की तैयारियों को दिया गया अंतिम रुप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** धर्मनगरी में 53वां रामायण मेला 15 फरवरी से सीतापुर स्थित रामायण मेला परिसर में आयोजित होगा। मेले का उद्घाटन जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य महाराज करेंगे और समापन 19 फरवरी को विष्णु सम्प्रदायाचार्य जगद्गुरु संतोषाचार्य (सतुवा बाबा) करेंगे।

मेले में देशभर से संत, मनीषी, कथाव्यास, सांस्कृतिक दल और कलाकार भाग लेंगे। चित्रकूट के सभी अखाड़ों के संत-महात्मा शोभायात्रा के साथ मेला परिसर पहुंचेंगे। मेले में पं. रामलोचन तिवारी, देवी निहारिका, मानसमुक्ता यशोमति, सीताराम शरण रामायणी, साध्वी पूनमदास, वन्दना तिवारी जैसे कथाव्यास अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीता राय का भजन गायन, डॉ अनु सिन्हा की रामायण नृत्यनाटिका, आराधना सिंह, बंदा बैरागी, संजोली पाण्डेय का लोकगायन शामिल होगा। मेले में आकाशवाणी प्रयागराज की सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित होगी।




मेले के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया और महामंत्री डॉ करुणा शंकर द्विवेदी ने बताया कि मेले को सफल बनाने में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार यादव, उपजिलाधिकारी सौरभ यादव, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद लालजी यादव भी व्यवस्थाओं में जुटे हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, राजाबाबू पाण्डेय, प्रद्युम्न कुमार दुबे, मनोज गर्ग, राजेन्द्र मोहन त्रिपाठी, मोहम्मद यूसुफ, कलीमुद्दीन बेग, धनश्याम अवस्थी, सत्येन्द्र पाण्डेय, ज्ञानचन्द्र गुप्त आदि कार्यकर्ता भी मेले की तैयारियों में लगे हैं। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और पर्यटन निदेशक डॉ वेदपति मिश्र के भी मेले में आने की संभावना है।

# चित्रकूट में शिव शक्ति महायज्ञ की पूर्णाहुति : अधोक्षजानन्द ने बांग्लादेश सरकार से जताई उम्मीद

**चित्रकूट।** चित्रकूट के महादेव के सानिध्य में आयोजित 10 दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ की पूणार्हुति के बाद शंकराचार्य अधोक्षजानन्द ने बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश की नव-निर्वाचित सरकार से हिंदुओं के हितों की रक्षा करने और कथित उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगाने की अपेक्षा जताई। शंकराचार्य ने कहा कि उन्हें बांग्लादेश में बनी नई सरकार से आशा है कि वह पिछले डेढ़ वर्ष से हिंदू समुदाय के साथ हो रही घटनाओं पर प्रभावी कदम उठाएगी। उन्होंने नए प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सरकार संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में शिकायतों पर अपेक्षित स्तर पर सुनवाई नहीं हो पा रही थी, लेकिन अब लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के गठन के बाद स्थिति में सुधार की उम्मीद है। अधोक्षजानन्द ने कहा कि अब भारत सरकार और उनके संगठन को संवाद और कूटनीतिक प्रयासों के लिए एक मंच मिला है। वे राजनीतिक और संवैधानिक तरीकों से अपने प्रयास तेज करेंगे, ताकि बांग्लादेश में हालात सामान्य हो सकें। साथ ही उन्होंने नई सरकार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# एक किलो 218 ग्राम गांजा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मऊ थाना पुलिस ने एक आरोपी को एक किलो 218 ग्राम सूखे गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। मऊ थाना प्रभारी दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक अभिषेक कुमार व उनकी टीम आरक्षी प्रकाश मिश्रा, सोनजपाल व आरक्षी चालक संदीप यादव ने आरोपी आदर्श त्रिपाठी निवासी ग्राम बस्ती तालाब पोस्ट बरोंचा थाना व जनपद कौशांबी को एक किलो 218 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना मऊ में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# सुमधुर शहनाइयों के बीच एसपी की पुत्री का शुभविवाह हर्षोल्लास वातावरण में संपन्न

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार सिंह- सीमा सिंह की सुपुत्री आयु. निष्ठा सिंह का शुभ विवाह लखनऊ वृन्दावन कालोनी निवासी आनन्द सिंह चैहान - अंजू सिंह के सुपुत्र चि. अभ्युदय वत्स के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में सुमधुर शहनाइयों के बीच मांगलिक वेला में हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ इस अवसर पर विभिन्न मठों के साधु - संत, आरएसएस के पदाधिकारी, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण अपर पुलिस महानिदेशक ला - ऑर्डर अमिताभ यश विभिन्न मंडलों व जनपदों के आला प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, केंद्र व प्रदेश सरकार के कई मंत्रीगण, राजनेता, सांसद, विधायक, शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षाविद, स्वजन और शुभचिंतकों ने मांगलिक कार्यक्रम में पहुंचकर वर - वधू को आशीर्वाद दिया और शानदार वैवाहिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के

- डीजीपी, एडीजीपी, राजनेता सहित आला प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने की शिरकत
- दिया वर-वधू को आशीर्वाद

लिए पुलिस अधीक्षक डॉ अरुण कुमार सिंह को बधाई दी।

इस मांगलिक कार्यक्रम के सफल संपादन में एसपी के बड़े भाई ज्ञान प्रकाश सिंह, डॉ अशोक कुमार सिंह, छोटे भाई डॉ अनूप कुमार सिंह, डॉ दिनेश कुमार सिंह, आनंद कुमार सिंह, पुत्र हर्ष प्रताप सिंह सहित सभी नाते रिश्तेदारों, शुभचिंतकों का सराहनीय योगदान रहा। वहीं चित्रकूट जिले से कई राजनेता, अधिकारी, समाजसेवी व पत्रकार वैवाहिक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। जिनमें प्रमुख रूप से राज्यमंत्री मनोहरलाल मन्नू, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, रमेशचंद द्विवेदी, एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, सदर विधायक अनिल प्रधान, मऊ विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, कोआपरेटिव अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, शिवशंकर सिंह, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भोले सिंह, पत्रकार अरविन्द रघुवंशी, धीरेन्द्र शुक्ला, पंकज मिश्रा, शंकर यादव, सुनील शुक्ला, सुधीर अग्रवाल, जितेन्द्र मिश्रा, प्रवीण कुमार, सीडीओ डीपी पाल, एडीएम अरुण कुमार यादव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी व पुलिस विभाग के तमाम अधिकारी, कर्मचारियों ने शिरकत कर वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

# बुंदेली सेना ने वृद्धाश्रम में मनाया जलशक्ति मंत्री का जन्मदिन, बुजुर्गों ने दिया आशीर्वाद

**चित्रकूट।** प्रदेश सरकार में जलशक्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का जन्मदिन बुंदेली सेना ने विनाकपुर स्थित वृद्धाश्रम में केक काटकर मनाया। इस अवसर पर आश्रम के वृद्धजनों ने उनके शतायु और दीघार्यु होने की कामना की।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह को जननेता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी से इतर भी उनके प्रदेश में लाखों समर्थक और अनुयायी हैं। अजीत सिंह ने उनकी सरलता, विनम्रता और मृदुभाषिता की प्रशंसा की।



सिंह ने आगे बताया कि मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कड़ी मेहनत से अपना मुकाम बनाया है। वे अपने भाषणों में युवाओं को 'सिर में बर्फ, पांव में चक्कर और जुबान में शक़्कर' रखने का मंत्र देते हैं। उनकी अथक मेहनत, निष्ठा और समर्पण को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके जुड़ाव का अहम कारण बताया गया। इस मौके पर विराग सिंह एडवोकेट, मैनेजर महेंद्र सिंह सहित सौ से अधिक वृद्धजन मौजूद रहे।

# नई कृषि तकनीकों को सीखने के लिए किसानों का दल जबलपुर रवाना

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नई तकनीक के माध्यम से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए शुक्रवार को जिले के लगभग आधा सैकड़ा महिला व पुरुष किसानों का जत्था प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जबलपुर रवाना हुआ। सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण एवं अध्ययन भ्रमण के लिए शुक्रवार को जिले के समस्त ब्लॉकों से 40 पुरुष व महिला किसानों के दल को बस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र एवं खरपतवार नाशी केंद्र जबलपुर में 13 फरवरी से 19 फरवरी तक प्रशिक्षण एवं भ्रमण के लिए जिले के सभी ब्लॉकों से लगभग 40 महिला व पुरुष किसानों को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जिले के किसान कृषि के क्षेत्र में अपनायी जाने वाली कृषि की नवीनतम तकनीकी मिलेट्स, दलहनी व जैविक खेती के लिए भ्रमण कर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस दौरान प्रशिक्षण व भ्रमण में प्रतिभाग करने वाले महिला एवं पुरुष किसान फुला देवी, रोशनी देवी, आरती देवी, पूनम सिंह, नीरज सिंह, संतलाल, दीपक द्विवेदी आदि किसान कृषि के क्षेत्र में वैज्ञानिक विधियों का ज्ञानवर्धन प्राप्त कर जिले के अन्य किसानों को इसका लाभ पहुंचाएंगे। इस मौके पर कृषि विभाग के कार्यालय सहायक अजयपाल, अरुण कुमार, राघवेंद्र सिंह, सुमित कुमार, नितिन कुमार, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।



# ईरान पर हमले की आहट तेज, ट्रंप और नेतन्याहू की बैठक से बढ़ा युद्ध का खतरा, अबकी बार आर या पार के मूड़ में अमेरिका

**ईरान**

**ईरान** पर हमले के लिए बस अब अंतिम बैठक में मुहर लगने ही वाली है, क्योंकि ईरान के दो बड़े दुश्मन ट्रंप और नेतन्याहू युद्ध की रणनीति बनाने के लिए एक साथ बैठ गये हैं। राजधानी वाशिंगटन में हो रही इस मुलाकात ने पश्चिम एशिया की सियासत को उबाल पर ला दिया है। एक ओर परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही खींचतान है, दूसरी ओर ईरान के भीतर दमन और खून खराबे के आरोप हैं, जिनसे हालात और भड़क उठे हैं। ऐसे समय में जब कूटनीति और टकराव के बीच की रेखा पतली होती जा रही है, यह बैठक आने वाले दिनों की दिशा तय कर सकती है।

हम आपको यह भी बता दें कि ईरानी सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगे हैं कि वह सरकार विरोधी घायल प्रदर्शनकारियों को अस्पतालों के भीतर तक खोज कर मार रहे हैं। कई गवाहों के अनुसार अधिकारी अस्पतालों में घुस कर घायल लोगों की पहचान करते हैं और कुछ को सिर में नजदीक से गोली मार देते हैं। कहा गया कि कुछ लोग बिस्तर पर लेटे थे, उनके शरीर में दवा की नलियां और सांस लेने की नलियां लगी थीं, फिर भी उन्हें गोली मारी गयी। कुछ सूत्रों का दावा है कि ऐसे हत्याकांड लगभग हर दिन हो रहे हैं।

हिरासत में लिये गये लोगों के साथ यौन उत्पीड़न के भी आरोप हैं। बताया गया कि हालात इतने खराब हैं कि कुछ बंदी लड़कियों ने अपने घर वालों से गर्भ निरोधक गोलियां भेजने की गुहार लगायी। यह सब उस व्यापक दमन की पृष्ठभूमि में हो रहा है जो पहले आर्थिक तंगी और रियाल मुद्रा के गिरने से शुरू हुआ और बाद में देश भर में सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गया। कार्यकर्ता समूहों का कहना है कि अशांति में हजारों लोग मारे जा चुके हैं। एक मानव अधिकार समाचार संस्था के अनुसार कम से कम 6221 लोगों की जान गयी, जिनमें प्रदर्शनकारी, सुरक्षा बलों के सदस्य और आम नागरिक शामिल हैं, साथ ही 42000 से अधिक लोगों को पकड़ा गया। दूसरी ओर ईरानी अधिकारी





कुल मौत का आंकड़ा 3117 बताते हैं और कई मृतकों को आतंकी करार देते हैं। स्वतंत्र जांच लगभग असंभव बतायी जा रही है क्योंकि देश में इंटरनेट पर कड़ी पाबंदी है। चश्मदीदों ने पहले बताया था कि सुरक्षा बल पीछे से गोली चलाते हैं और अचानक जांच कर उन लोगों को पकड़ते हैं जिनके शरीर पर प्रदर्शन से जुड़ी चोट के निशान मिलते हैं। कई घायल लोग अस्पताल जाने से डरते हैं, क्योंकि उन्हें पकड़े जाने या पूछताछ का भय रहता है। अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार संगठनों ने भी आरोप लगाया है कि बलों ने सीधे सिर और धड़ पर धातु छर्रे दागे। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने तेहरान को चेतावनी दी है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या या सामूहिक फांसी से बाज आये। उन्होंने ईरान को वार्ता की मेज पर आने को कहा और चेताया कि अगला हमला पहले से कहीं अधिक कठोर हो सकता है। वहीं, क्षेत्रीय ताकतें जैसे सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र और कतर तनाव घटाने के लिए कूटनीतिक कोशिशों में लगे हैं। इन सबके बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू वाशिंगटन पहुंचे हैं। व्हाइट हाउस में ट्रंप से उनकी मुलाकात का मुख्य मुद्दा ईरान ही है। मुलाकात से पहले उन्होंने ट्रंप के करीबी सलाहकारों से भी चर्चा की। नेतन्याहू ट्रंप पर दबाव डालना चाहते हैं कि परमाणु वार्ता में कड़ा रुख अपनाया जाये। दरअसल इजराइल को शक है कि अमेरिका और ईरान की वार्ता सफल हो सकती है, इसलिए वह अपने हित सुरक्षित करने और किसी भी समझौते के बाद भी सैन्य कदम उठाने की छूट बचाये रखना चाहता है।

# क्या मानव अवशेषों को गलाने के लिए मंगवाया गया था 330 गैलन एसिड?

**अमेरिका**

जेफ्री एपस्टीन... यह नाम जब भी सामने आता है, अपने साथ काले रहस्यों की एक नई परत लेकर आता है। हाल ही में सार्वजनिक हुई 'एपस्टीन फाइल्स' ने एक ऐसा खुलासा किया है जिसने सोशल मीडिया से लेकर जांच एजेंसियों तक के कान खड़े कर दिए हैं। मामला जुड़ा है एक रसीद से, जिसमें 330 गैलन सल्फ्यूरिक एसिड (गंधक का तेजाब) की खरीद का जिक्र है।

लेकिन चौंकाने वाली बात सिर्फ तेजाब की मात्रा नहीं, बल्कि इसकी टाइमिंग है। क्योंकि ये तेजाब ठीक उसी दिन पहुंचा तेजाब, जब ऋइक ने दबिश दी।दस्तावेजों के मुताबिक, 12 जून 2018 को एपस्टीन के निजी द्वीप 'लिटिल सेंट जेम्स' पर 55-55 गैलन के 6 ड्रम सल्फ्यूरिक एसिड पहुंचाए गए। हैरानी की बात यह है कि यह वही तारीख थी जब ऋइक ने आधिकारिक तौर पर एपस्टीन के सेक्स ट्रैफिकिंग नेटवर्क की जांच शुरू की थी। जैसे



ही यह खबर बाहर आई, इंटरनेट पर थ्योरीज की बाढ़ आ गई है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या यह महज इत्तेफाक था या इसके पीछे कोई गहरी साजिश?

सबूत मिटाने की कोशिश या वाटर फिल्टर?

इस खुलासे ने इंटरनेट पर बहस छेड़ दी है। इस इत्तेफाक ने संदेह पैदा कर दिया है और सोशल मीडिया पर कई यूजर्स का दावा है कि इतनी भारी मात्रा में तेजाब का इस्तेमाल सबूतों या 'मानव अवशेषों' को ठिकाने लगाने के लिए किया जा सकता था। एक यूजर ने तो यहाँ तक लिखा, "इतने तेजाब का इस्तेमाल सिर्फ बॉडी को डिजॉल्व करने के लिए ही होता है।"

दूसरी तरफ, फाइलों में मौजूद कुछ पुराने ईमेल (2013 के आसपास के) एक अलग कहानी बताते हैं। रसीद में जिक्र है कि यह एसिड द्वीप पर लगे फ्ल्र प्लांट (वॉटर प्यूरीफिकेशन सिस्टम) के रख-रखाव के लिए था। पानी का स्त्रल लेवल ठीक करने और उसे साफ करने के लिए सल्फ्यूरिक एसिड का इस्तेमाल तकनीकी रूप से आम बात है।

रहस्य जो अब भी बरकरार है

भले ही कागजों पर इसे 'वॉटर ट्रीटमेंट' का हिस्सा बताया गया हो, लेकिन लोग इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि जिस दिन फेडरल एजेंसियां जाल बिछा रही थीं,

उसी दिन इतने ड्रम तेजाब की डिलीवरी क्यों हुई? क्या यह सच में पानी साफ करने के लिए था, या द्वीप पर मौजूद किसी 'गंदे राज' को हमेशा के लिए मिटाने की तैयारी थी?

# पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को उचित सम्मान नहीं देता: रक्षा मंत्री

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अब तक के अपने सबसे कड़े बयान में अमेरिका पर इस्लामाबाद का अपने रणनीतिक हितों के लिए शोषण करने और फिर उसे शौचालय के कागज से भी बदतर बताकर त्याग देने का आरोप लगाया है। संसद में बोलते हुए आसिफ ने कहा कि 1999 के बाद, विशेष रूप से अफगानिस्तान के संबंध में, वाशिंगटन के साथ फिर से गठबंधन करने के पाकिस्तान के फैसले ने देश को स्थायी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने अमेरिकी समर्थन प्राप्त करने की कोशिश को एक गंभीर गलत निर्णय बताया, जिसके परिणाम पाकिस्तान दशकों बाद भी भुगत रहा है।

आसिफ ने कहा कि 1999 के बाद, विशेषकर अफगानिस्तान संघर्ष में, अमेरिका का साथ देने के पाकिस्तान के फैसले ने गहरा और दीर्घकालिक नुकसान पहुंचाया। उन्होंने स्वीकार किया कि देश ने खुद को ऐसे युद्धों



में घसीटने दिया जो वास्तव में कभी उसके अपने नहीं थे। उन्होंने इस लंबे समय से चले आ रहे दावे को खारिज कर दिया कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान की भूमिका धार्मिक कर्तव्य पर आधारित थी। उनके अनुसार, लोगों को जिहाद के नाम पर एक भ्रामक कहानी के तहत लामबंद किया गया, जिसने पाकिस्तान के भीतर उग्रवाद और अराजकता को ही बढ़ावा दिया।

एक चौंकाने वाले खुलासे में, मंत्री ने कहा कि इन युद्धों का समर्थन करने के लिए पाकिस्तान की शिक्षा प्रणाली में भी बदलाव किए गए थे। उन्होंने स्वीकार किया कि विदेशी हितों से प्रेरित संघर्षों में शामिल होने को उचित ठहराने के लिए वैचारिक परिवर्तन किए गए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1980 के दशक में सोवियत विरोधी युद्ध धर्म के बारे में नहीं, बल्कि अमेरिकी भू-राजनीतिक लक्ष्यों के बारे में था। फिर भी पाकिस्तान ने सामाजिक और आर्थिक दोनों तरह से इसकी कीमत चुकाई।

# भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत!



**अमेरिका**

नई दिल्ली के लिए एक बड़ी डिप्लोमैटिक जीत में, व्हाइट हाउस ने भारत और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच ट्रेड डील के बाद जारी अपनी फैक्ट शीट में बदलाव किया है। पहले, दालों का ज़िक्र अमेरिकी प्रोडक्ट्स की उस लिस्ट में था जिस पर उसने कहा था कि भारत टैरिफ खत्म कर देगा या कम कर देगा। हालांकि, अब इस प्रोडक्ट को हटा दिया गया है।

क्या हुए मुख्य बदलाव?

संशोधित फैक्ट शीट में दो सबसे प्रमुख बदलाव किए गए हैं जो भारत की संप्रभुता और आर्थिक हितों की सुरक्षा को दशार्ते हैं:

दालों को सूची से हटाया गया: शुरूआती फैक्ट शीट में उन अमेरिकी उत्पादों की सूची में 'दालों' का उल्लेख था, जिन पर भारत आयात शुल्क कम या खत्म करने वाला था। अब संशोधित दस्तावेज से दालों को पूरी तरह हटा दिया गया है। यह भारत के करोड़ों दलहन उत्पादक किसानों के लिए बड़ी राहत है, क्योंकि विदेशी दालों पर शुल्क कम होने से स्थानीय बाजार प्रभावित हो सकता था।

'प्रतिबद्धता' से 'इरादे' तक का बदलाव: पहले दस्तावेज में लिखा था कि भारत $500 बिलियन से अधिक के अमेरिकी उत्पाद खरीदने के लिए "प्रतिबद्ध" है। भारत की आपत्ति के बाद, अब इस शब्द को बदलकर "इरादा रखता है" कर दिया गया है। यह कानूनी रूप से भारत को अधिक लचीलापन देता है और यह दशार्ता है कि ये खरीद बाजार की स्थितियों पर निर्भर करेगी।

व्हाइट हाउस ने पहले कहा था कि भारत कई तरह के वर इंडस्ट्रियल सामान और खेती के प्रोडक्ट्स पर टैरिफ हटाएगा या कम करेगा।

# मुझे याद नहीं,जेफ्री एपस्टीन के आइलैंड पर क्यों गए?

**न्यूयॉर्क**

**अमेरिकी** राजनीति में इन दिनों एक पुराना मुद्दा फिर से जाग गया है और इस बार इसने घेरा है डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक को। मामला जुड़ा है बदनाम सेक्स अपराधी जेफ्री एपस्टीन से। लुटनिक साहब, जो कल तक कह रहे थे कि उनका एपस्टीन से सालों से कोई लेना-देना नहीं है, अब अपनी ही बातों में फंसते नजर आ रहे हैं।

मंगलवार को अमेरिकी कांग्रेस के सामने पेशी के दौरान लुटनिक ने पहली बार यह कुबूल किया कि वह 2012 में एपस्टीन के उस



निजी कैरिबियन द्वीप पर गए थे, जिसे 'पाप का टापू' कहा जाता था। मजेदार बात यह है कि यह दौरा तब हुआ जब एपस्टीन को नाबालिगों के साथ गलत काम करने के जुर्म में सजा मिल चुकी थी। लुटनिक ने सफाई देते हुए कहा, "मैं अपनी फैमिली वेकेशन पर नाव से जा रहा था। साथ में पत्नी, बच्चे और नैनी भी थे। हमने वहाँ बस एक घंटा रुककर लंच किया।" लेकिन जब सांसदों ने पूछा कि आखिर वह वहाँ गए ही क्यों, तो साहब का जवाब था– "मुझे याद नहीं कि हम वहाँ क्यों गए थे, बस गए थे।"

लुटनिक की मुश्किलें इसलिए बढ़ गई हैं क्योंकि सालों से वह एक ही राग अलाप रहे थे कि उन्होंने 2005 के बाद एपस्टीन से सारे रिश्ते तोड़ लिए थे।उन्होंने यहाँ तक कहा था कि न्यूयॉर्क में एक अजीब घटना (मसाज टेबल वाली कहानी) के बाद उन्होंने कसम खाई थी कि वह कभी एपस्टीन के साथ एक कमरे में नहीं बैठेंगे।

# इतिहास की सबसे बड़ी सुरक्षा तैनाती

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** में आम चुनाव के लिए आधे से अधिक मतदान केंद्रों को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि इनमें से 90 प्रतिशत मतदान केंद्र सीसीटीवी निगरानी में होंगे और राजधानी ढाका में ह्यबॉडी कैमरेह्न लगाए कई पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग की सुरक्षा प्रणाली जोखिम मूल्यांकन पर आधारित है। निर्वाचन आयुक्त अबुल फजल मोहम्मद सनाउल्लाह ने मंगलवार देर रात संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्यह्यस्थानीय स्तर पर संवेदनशीलता के आकलन के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।ह्नह्न निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि इन चुनाव में देश के चुनावी इतिहास में कानून प्रवर्तन कर्मियों की अब तक की सबसे बड़ी तैनाती और प्रौद्योगिकी का सबसे व्यापक उपयोग देखने को मिलेगा।

# एपस्टीन फाइलें का सबसे बड़ा पदार्फाश!

**अमेरिका**

जेफ्री एपस्टीन का मामला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस कहानी में एक नया मोड़ आया है, जहाँ दो अमेरिकी सांसदों डेमोक्रेट रो खन्ना और रिपब्लिकन थॉमस मैसी ने जासूसी फिल्मों के अंदाज में सीधे न्याय विभाग में घुसकर वो राज निकाल लिए हैं जिन्हें दबाने की कोशिश की जा रही थी।

रो खन्ना ने आरोप लगाया है कि कई "ताकतवर और अमीर" लोगों को बचाने के लिए फाइलों के साथ छेड़छाड़ की गई है। इसलिए रो खन्ना और थॉमस मैसी ने संसद में इस मुद्दे को उठाया और उससे पहले दोनों ने खुद जस्टिस डिपार्टमेंट जाकर इस मुद्दे पर जांचपड़ताल की ताकि सबूत सबके सामने आ सकें।

वो 6 नाम, जिन्हें छुपाने की कोशिश हुई

रो खन्ना और थॉमस मैसी को जब लगा कि सार्वजनिक की गई फाइलों में बहुत कुछ अधूरा है, तो वे खुद जस्टिस डिपार्टमेंट पहुँच गए। दो घंटे तक बिना कांट-छाँट वाली फाइलों को खंगालने के बाद उन्होंने उन 6 रसूखदार पुरुषों के नाम उजागर किए, जिन्हें अब तक पर्दे के पीछे रखा गया था। ये नाम हैं:

लेस्ली वेक्सनर (अरबपति बिजनेसमैन)

सुल्तान अहमद बिन सुलेयम

निकोला कापुतो

लिओनिक लिओनोव

जुराब मिकेलाद्जे

साल्वातोर नुआरा

रो खन्ना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म '' पर सवाल उठाया, "अगर हम खुद वहाँ न जाते, तो क्या इन लोगों के नाम कभी सामने आते?" रो खन्ना ने इस मुद्दे पर ट्रम्प



प्रशाशन को घेरा और इन गुप्त फाइलों की सफाई और ट्रंप प्रशासन पर हमला बोला। रो खन्ना का गुस्सा सिर्फ नामों तक सीमित नहीं था, उन्होंने सीधे तौर पर सिस्टम पर सवाल उठाए।

खन्ना के मुताबिक, 30 लाख पन्नों की फाइलों में से 70-80% हिस्सा अब भी काला कर दिया गया है ताकि कुछ पढ़ा न जा सके। यानी की 80% डेटा गायब गायब कर दिया गया है ताकि कोई उसे एक्सेस नहीं कर पाए। साथ ही उन्होंने ऋइक पर भी आरोप लगाए और दावा किया कि डोनाल्ड ट्रंप की ऋइक ने मार्च में ही इन फाइलों को 'साफ' कर दिया था, यानी कानून पास होने से पहले ही जरूरी जानकारियां हटा दी गई थीं।

खन्ना ने कहा कि 'एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट' के तहत कथित साजिशकताओं के नाम छुपाने की अनुमति नहीं है, फिर भी विभाग ऐसा कर रहा है जो की स्पष्ट रूप से कानून का उल्लंघन है।

30 लाख पन्ने और हजारों वीडियो

जनवरी में जारी की गई इन फाइलों का अंबार छोटा-मोटा नहीं है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# बांग्लादेश में बन सकते हैं 2001 वाले हालात, चुनाव सर्वेक्षण देखकर हिंदू घबराये

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** में चुनाव से ठीक पहले एक हिंदू व्यापारी की निर्मम हत्या और चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में उसी दल और गठबंधन की बढ़त की खबरों ने वहां के हिंदुओं को भीतर तक झकझोर दिया है, जिनके पिछले शासनकाल के दौरान हिंदुओं पर अत्याचार, पलायन और भय का काला दौर देखा गया था। यादों के जख्म अभी भरे भी नहीं थे कि वर्तमान घटनाओं और राजनीतिक संकेतों ने फिर वही डर जगा दिया है कि कहीं इतिहास खुद को दोहरा न दे।

हम आपको बता दें कि 9 फरवरी की रात मयमनसिंह जनपद के दक्षिणकांदा गांव में 62 वर्ष के चावल व्यापारी सुषेन चंद्र सरकार की निर्मम हत्या कर दी गयी। हमलावरों ने धारदार हथियार से वार कर उन्हें दुकान के भीतर लहूलुहान छोड़ा, शटर गिराया और लाखों टका लेकर फरार हो गये। जब परिवार ने खोजबीन की तो वह खून से सने मिले। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत बताया। उनके पुत्र सुजन सरकार का कहना है कि पिता की किसी से दुश्मनी नहीं थी, फिर भी हत्या की गयी और धन लूटा गया। सुजन सरकार ने हत्यारों की शीघ्र पहचान कर उन्हें दंडित करने की मांग की है।

हम आपको याद दिला दें कि इसी क्षेत्र में एक अन्य हिंदू युवक दिपु चंद्र दास की भी भीड़ ने पीटकर हत्या कर उसे जला दिया था। इन घटनाओं ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि क्या बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज सुरक्षित है? देखा जाये तो पिछले एक वर्ष में हत्या,



आगजनी, मंदिरों में तोड़फोड़, जमीन कब्जाने और झूठे आरोपों के सहारे भीड़ को उकसाने की घटनाएं बढ़ी हैं। कई अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूह लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि राजनीतिक बदलाव के बाद अल्पसंख्यकों पर दबाव तेज हुआ है। भारत ने भी चिंता जताते हुए कहा है कि बार बार हो रहे हमलों को निजी झगड़ा या साधारण विवाद बताकर टालना दोषियों का हौसला बढ़ाता है। भारत का कहना है कि ऐसे माहौल से भय और असुरक्षा फैलती है।

हम आपको बता दें कि 12 फरवरी को बांग्लादेश में होने वाले चुनाव में 300 में से 299 सीटों पर मतदान होगा और साथ में जनमत संग्रह भी होगा। प्रचार अवधि समाप्त हो चुकी है। इस बार अवामी लीग को चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गयी, जिसका शेख हसीना ने विरोध किया है। वह इस समय भारत में निर्वासन में हैं और उनके विरुद्ध मृत्यु दंड का आदेश भी सुनाया जा चुका है। उनके करीबी और पूर्व वित्त मंत्री हसन महमूद ने चुनाव को पूर्व नियोजित बताते हुए कहा है कि पूरी प्रक्रिया एक खास सोच को सत्ता में बनाये रखने के लिए गढ़ी गयी है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समाज से बहिष्कार की अपील करते हुए यह भी दावा किया है कि वर्तमान अंतरिम सरकार बाहरी असर में काम कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि शेख हसीना सुरक्षित हैं और जल्द ही लौटेंगी। दूसरी ओर, चुनावी मैदान में मुख्य टक्कर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात ए इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन के बीच मानी जा रही है। एक विस्तृत जनमत सर्वेक्षण में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के गठजोड़ को बढ़त दिखायी गयी है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि 200 से अधिक स्थान उस गठजोड़ को मिल सकते हैं, जबकि जमात वाले मोर्चे को चार दर्जन के आसपास स्थान मिलेंगे। 41 हजार से अधिक लोगों की राय पर आधारित इस आकलन में महिलाओं और कुछ क्षेत्रों में राष्ट्रवादी दल को विशेष समर्थन बताया गया है।